राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित-गिल का डबल धमाका...

चीन की सरकार सख्ती से ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 296 | पटना, शनिवार, 09 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C
न्यूनतम तापमान 14°C

**बाजार**

सोना 66,865
चांदी 78,500
सेंसेक्स 74,119
निफ्टी 22,493

# महाशिवरात्रि : हर हर महादेव की जयघोष से गुंजायमान हुआ शहर, शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता

## राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर व पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने झांकियों का किया अभिनंदन

प्रात : किरण

पटना। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देवाधिदेव महादेव के प्रति श्रद्धा-भक्ति और आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। हर हर महादेव की गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। सभी शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अहले सुबह से ही शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रदेश के कई शिवालयों, मंदिरों में शिवनाम जप, रुद्राभिषेक और भजन कीर्तन का दौर चल रहा है। उत्तर बिहार में मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम में कई जिले से श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलाभिषेक करने सपरिवार पहुंचे हैं। बुजुर्ग हों या बच्चे हो, या महिलाएं सभी मन में आस्था और फल की प्राप्ति की उम्मीद के साथ जलाभिषेक करने बाबा गरीब नाथ दरबार पहुंचे हैं। वहीं, श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के बैनर तले खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव में शहर के 27 स्थानों से निकलीं शोभा यात्राएं बारी-बारी से देर शाम मंदिर परिसर में पहुंचीं। सूबे के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकरपूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, राज्य सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, डॉ. प्रेम कुमार समिति के संयोजक सह विधायक डॉ. संजीव चौरसिया व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आरती उतारकर मनोहारी झांकियों का अभिनंदन किया। पूरे आयोजन के दौरान शिवभक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। शाम 5 बजे से शोभा यात्राओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा।



स्वागत के बाद शोभा यात्रा समितियों को मोमेंटो व मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भी बांटे गए। मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती से लोग भावविभोर समारोह स्थल पर तीन मंच बने थे। मुख्य मंच पर राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री, केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री, धमार्चार्य व अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। दूसरे मंच पर कलाकारों की टोली मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती कर रही थी। भव्य आरती देख लोग भावविभोर नजर आए। तीसरे मंच पर भजन संध्या की प्रस्तुति से लोग भक्ति रस की गंगा में बहते रहे। तांडव नृत्य ने तो भक्तों का मन ही मोह लिया। जैसे-जैसे शाम ढलती गई, बेली रोड स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का रेला लग गया। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस-प्रशासन की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

सुबह चार बजे से ही जलाभिषेक के लिए कतार रोशनी से जगमग खाजपुरा शिव मंदिर में सुबह चार बजे से ही भोले बाबा की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर : सेना के अधिकारी का थोउबल जिले में अपहरण

इम्फाल। भारतीय सेना के एक अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला में स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार को अपहरण कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जूनियर कमीशंड ऑफिसर की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। धटना के समय वह अवकाश पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे कुछ लोग उनके घर में घुस गए और उन्हें पकड़ कर वाहन में जबरन बैठा लिया और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि अपहरण के कारण का पता नहीं चला है, लेकिन शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं।

### भारत-जापान की सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास संपन्न

जयपुर। भारत और जापान का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुक्रवार को राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में पूरा हो गया। एक सैन्य प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने यहां एक बयान में बताया कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच धर्म गार्जियन नामक पांचवां संयुक्त सैन्य अभ्यास आठ मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस संयुक्त अभ्यास में भारत की राजपूताना राइफल्स बटालियन और जापान के 40 सैनिकों का समूह शामिल था।

### घुसपैठ की कोशिश कर रहे युवक को बीएसएफ ने मार गिराया

जयपुर। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गंगानगर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक कथित घुसपैठिये को गोली मार दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार यह घटना बीएसएफ की सुंदरपुरा चौकी के पास बीती रात हुई। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने लगभग 30 साल के एक युवक को पाकिस्तान की ओर से आते देखा। इस पर जवानों ने उसे लौटने की चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया। केसरीसिंहपुर थाना के अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीएसएफ जवानों की गोलीबारी से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

## महिला दिवस पर मोदी सरकार की बड़ी सौगात

# एलपीजी सिलेंडर होगा सस्ता 100 रुपये कटौती का ऐलान

### करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा : मोदी

- पिछले छह महीने में दूसरी बार रसोई गैस की दामों में हुई कमी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की घोषणा की और कि इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जायेगा, विशेषकर देश की नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, महिला दिवस पर हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जायेगा, विशेषकर हमारी नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी। उन्होंने आगे कहा, रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा उद्देश्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन में आसानी सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इससे एक दिन पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए उज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी बढ़ाने की घोषणा की। पिछले साल अक्टूबर में सरकार ने प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति रिफिल कर दी थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार व शनिवार की आधी रात से राष्ट्रीय राजधानी में बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस की कीमत घटकर 803 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर हो जाएगी। स्थानीय करों के आधार पर कीमतें राज्यों में अलग-अलग होती हैं। यह कटौती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में नरमी के कारण संभव हुई। इसके आधार पर ही घरेलू बाजार में ईंधन दरों को तय किया जाता है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई। पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड 23 महीने से स्थिर बनी हुई हैं। देश के सभी एलपीजी उपभोक्ता बिना सब्सिडी वाली कीमतों पर रसोई गैस खरीदते हैं। हालांकि, उज्वला योजना के तहत मुफ्त कनेक्शन पाने वाली गरीब महिलाओं और दूरदराज के इलाकों में कुछ उपभोक्ताओं को उनके बैंक खातों में सब्सिडी की एक निश्चित राशि दी जाती है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। पिछले छह महीने में दूसरी बार रसोई गैस की कीमतों में कमी हुई है। इससे पहले मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले अगस्त के अंत में एलपीजी में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा, मारा उद्देश्य रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर परिवारों की भलाई करना और एक स्वस्थ वातावरण बनाना है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवनयापन में आसानी सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी मिलती है। ऐसे में उन्हें दिल्ली में 14.2 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर 503 रुपये का मिलेगा।

# लंदन के साइंस म्यूजियम में पहुंचे सीएम नीतीश

## मुख्यमंत्री ने साइंस म्यूजियम की विशिष्टताओं की भी ली जानकारी

प्रात : किरण



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी लंदन यात्रा के क्रम में शुक्रवार को साइंस म्यूजियम का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइंस म्यूजियम की विशिष्टताओं की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना में बन रहे साइंस सिटी को उसी के अनुरुप बनाया जाएगा। पटना में साइंस सिटी के निर्माण के बाद यहां आने वाले छात्रों को विज्ञान की मूलभूत बातें, गतिविधियां और विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में रूचि बढ़ेगी। इसके लिए लंदन के साइंस म्यूजियम के अनुरूप आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान बिहार के पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, ग्लोबल इंगेजमेंट साइंस म्यूजियम ग्रुप की निदेशक हेलेन जोनस, इंटरनेशनल इंगेजमेंट साइंस म्यूजियम ग्रुप की मैनेजर शालिनी नारायण, साइंस म्यूजियम के मेंटेनेंस मैनेजर फरगस काररोल, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी के प्रोजेक्ट कन्सलटेंट सुजीत भी थे। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार इन दिनों विदेश यात्रा पर गए हैं। उनके साथ कई अधिकारी भी गए हैं।

# कांग्रेस ने जारी की 39 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

- राहुल गांधी वायनाड से लड़ेंगे चुनाव

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर से केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में जानकारी दी। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों में करीब 40 सीट के लिये उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। कांग्रेस की इस सूची से कुछ दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

# अमित शाह आज बिहार में ओबीसी सम्मेलन में लेंगे भाग

प्रात : किरण

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पिछड़े वर्गों के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों के बारे में शनिवार को बिहार में होने वाले एक सम्मेलन में भाग लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशभर में ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित किए जा रहे 10 हजार सामाजिक सम्मेलनों के तहत यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहे हैं। ओबीसी और ईबीसी की संख्या आबादी की 50 फीसदी से अधिक है और उन्हें यह बताने की आवश्यकता है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में उनके लिए क्या किया है। लक्ष्मण ने बताया कि शनिवार को पटना के बाहरी इलाके पालीगंज में आयोजित होने वाला कार्यक्रम इसी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने और नीट परीक्षाओं तथा नवोदय विद्यालयों में कोटा देने जैसे कदम पिछड़ा वर्ग की बेहतरी के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी समुदाय की महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण पर विपक्षी दलों की मांग के बारे में पूछे जाने पर लक्ष्मण ने कहा, पहले उन्हें हमें यह बताना चाहिए ।

# विप चुनाव के लिए महागठबंधन के प्रत्याशियों की सूची जारी

प्रात : किरण





पटना। बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों के होने वाले चुनाव में महागठबंधन की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे गए हैं। इनमें राजद के चार और भाकपा-माले के एक उम्मीदवार हैं, जबकि महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को स्थान नहीं मिला। द्विवार्षिक विधान परिषद 2024 चुनाव के लिए महागठबंधन की ओर से राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने शुक्रवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की। सूची में राजद की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और सैयद फैसल अली को प्रत्याशी बनाया गया है। महागठबंधन ने अपना पांचवां प्रत्याशी भाकपा माले के शशि यादव को बनाया है। बिहार में विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों पर चुनाव होना है, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। 21 मार्च को इन सीटों के लिए मतदान होगा। सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है, उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संजय झा, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा के शाहनवाज हुसैन, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर, रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा गठबंधन के नेताओं से विमर्श के बाद सूची को अन्तिम रूप दिया गया है। राजद प्रवक्ता ने बताया कि डॉ उर्मिला ठाकुर पार्टी के पुरानी कार्यकर्ता रही हैं और पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रह चुकी हैं। अभी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हैं। सैयद फैसल अली काफी दिनों से पार्टी से जुड़े रहे हैं और 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवहर से राजद के उम्मीदवार रह चुके हैं। शशि यादव 80 के दशक से हीं छात्र राजनीति के माध्यम से राजनीति में आयीं थी और पिछले विधानसभा चुनाव मे दीघा विधानसभा चुनाव क्षेत्र से महागठबंधन की उम्मीदवार रह चुकी हैं। राजद प्रवक्ता ने बताया कि महागठबंधन द्वारा पांच सीटों में तीन सीटें महिला को देकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल किया गया है।

# आयकर अधिकारियों ने राजद विधान पार्षद के परिसरों पर की छापेमारी

पटना। आयकर अधिकारियों ने कथित कर चोरी के मामले में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के विधान पार्षद विनोद जयसवाल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी पश्चिम बंगाल इकाई के आयकर अधिकारियों ने की। सूत्रों के मुताबिक, सुबह जब आयकर अधिकारी पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी माने जाने वाले राजद के विधान पार्षद जयसवाल के अनुग्रह नारायण रोड इलाके के परिसर में पहुंचे तो जयसवाल वहां मौजूद नहीं थे। जयसवाल से मामले पर टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका।

**सम्मान** राष्ट्रपति ने भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग पुरस्कार से किया सम्मानित

# भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही, अंतरिक्ष कार्यक्रम में अहम योगदान दे रही है : मुर्मू

प्रात : किरण



गाजियाबाद (उप्र)/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है और वह न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है। मुर्मू ने भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उन्हें विश्वास है कि अधिक से अधिक महिलाएं वायुसेना में भर्ती होंगी और राष्ट्र की सेवा करेंगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। राष्ट्रपति ने कहा, यह हर्ष की बात है कि भारतीय वायुसेना न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है। मुर्मू ने कहा कि जल, थल और नभ की रक्षा करने के अलावा आज साइबर क्षेत्र तथा प्रयोगशालाओं की रक्षा करना भी आवश्यक है। समारोह के बाद अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई है कि भारतीय वायुसेना पिछले कुछ वर्षों से उन्नत प्रौद्योगिकियां अपना रही है। वायु सेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति के मानक और रंग पुरस्कार से किया सम्मानित : राष्ट्रपति ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग पुरस्कार से सम्मानित किया। गाजियाबाद में हिंडन वायु सेना स्टेशन में आयोजित एक समारोह में 45 स्क्वाड्रन और 221 स्क्वाड्रन को राष्ट्रपति के मानक और 11 बेस रिपेयर डिपो तथा 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति के रंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय वायुसेना के इतिहास में यह पहला अवसर है जब वायुसेना की चार इकाइयों को एक साथ इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार किसी भी सशस्त्र बल इकाई के लिए सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुनी गई चारों इकाइयों का भारतीय वायुसेना के इतिहास में शानदार योगदान है।

# चुनावी बॉन्ड : एसबीआई की अर्जी पर 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय करेगा सुनवाई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किये गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की। उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और पावती का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत वित्तीय संस्थान एसबीआई को 12 अप्रैल, 2019 से उस दिन तक खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। साथ ही, आयोग को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक यह सूचना प्रकाशित करने को कहा था। एसबीआई ने 4 मार्च को, राजनीतिक दलों द्वारा भुनाये गए चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला दिवस के अवसर पर दानापुर मंडल में कई कार्यक्रम किए गए



दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई कार्यक्रम किए गए दानापुर में महिला रेल कर्मियों द्वारा ट्रेनों का परिचालन एवं रेल प्रणाली के विभिन्न कार्यो को निष्पादन किया गया। वहीं महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । महिला दिवस के अवसर पर रेलवे स्कूल में क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं वेल्थअवेयरनेस के मुद्दों पर जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं रेलवे के सभी विभागों में कार्य करने में भागीदारी सुनिश्चित कर रहीं हैं और अच्छे परिणाम दे रही हैं।

### स्कूल के परिसर में युवक का शव बरामद

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत झखरी महादेव का रहने वाला एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान झखरी महादेव मुसहरी निवासी 24 वर्षीय सुजीत कुमार के रूप में हुई है। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह गोला पर स्थित राज्यकृत धनेश्वरी देवनंदन उच्य माध्यमिक विद्यालय के परिसर में शौचालय के पास एक युवक को बेसूध पड़े देखा गया। लोगों ने उसे उठाने की कोशिश की पर वह मृत पाया गया। उसके नाक से रक्त निकल रहा था। युवक का शव मिलने से आसपास के लोग इकट्ठे हो गये। लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचित दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मृतक की पहचान पास में ही रहने वाला 24 वर्षीय सुजीत कुमार के रूप करते हुए उसके परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सांसद कोष से निर्मित सांस्कृतिक मंच का राम कृपाल यादव ने किया उदघाटन

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत बालिगा उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद कोष से निर्मित सांस्कृतिक मंच का पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राम कृपाल यादव ने उदघाटन किया। सात लाख की लागत से निर्मित मंच का उदघाटन करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस मंच का निर्माण पूरा खगौल वासियों के लिए संस्कृति के कार्यक्रम करने के लिए किया गया है। आगे भी विकास कार्य को किया जायेगा। उद्घाटन के साथ ही कलाकारों ने संस्कृति कार्यक्रम का प्रस्तुत किया। इस मौके पर नवाब आलम, मोहन पासवान चंदू प्रिंस संजय कुमार, सिराज अहमद, सरोज चंद्रवंशी, आशुतोष श्रीवास्तव अमन कुमार समेत विद्यालय परिवार के लोग समेत गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### एक देसी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय पुलिस ने इमलीतल इलाके से एक कट्टा के साथ एक नाबालिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद कार्रवाई करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया गया है बताया जाता है कि गश्ती के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना पर इमलीतल इलाके से देर रात एक कट्टा के साथ एक नाबालिग युवक को गिरफ्तार किया गया थानाध्यक्ष प्रशात कुमार भारद्वाज ने बताया कि पुछताछ के बाद मामला दर्ज कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### घर के ताला काट कर चोरों ने चोरी की

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलारोड सैनिक कालोनी में एक घर से चोरो ने ताला काट कर 15 हजार नगद 65 हजार का सोने का चेन व लेडिज बैग लेकर भाग निकले। जिसमें आधार पैक कार्ड आदि थे। इस संबंध में ज्ञानेन्द्र कुमार सिन्हा ने लिखित शिकायत की है। सैनिक कालोनी निवासी ज्ञानेन्द्र ने बताया है कि वे घर में सो रहे थे। दरवाजा पर ताला बंद कर रखा था। सुबह जब उठे तो ताला टूटा देखा। कमरे में रखा 15 हजार रुपए लेडिज बैग, सोने का 65 हजार का चेन, आधार व पैन कार्ड आदि गायब थे।

### 25 पुरिया स्मैक के साथ चार लोग गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनंद बाजार इलाके से चार लोगों को 25 पुडिया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना आधार पर पुलिस आनंद बाजार इलाके से चार लोगो को गिरफ्तार किया। जिनके पास से 25 पुडिया स्मैक बरामद किया। गिरफ्तार लोगो में शाहपुर थाना क्षेत्र के मुबाकरपुर कृषिफार्म निवासी गौरीशंकर कुमार व निखिल कुमार तुरहाटोली निवासी अजय कुमार व परवेज आलम शामिल है।

# टोयटा मोटर्स के शो रूम में लगी आग से संपति को नुकसान

## सिटी फायर स्टेशन से 5 यूनिट ने पाया आग पर काबू, अफरा-तफरी रही

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज के टाल प्लाजा स्थित बुद्धा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के बुद्धा टोयाटा मोटर्स में शुक्रवार अल सुबह आग लग गई। इस घटना में हुए संपति के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट की संभावना जतायी जा रही है। फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि मौके पर तीन बड़ी और दो छोटी यूनिट को आग बुझाने के लिए भेजा गया था। सभी यूनिट मौके पर पहुंच कर आग को फैलने से रोका और काबू पाया गया। बुद्धा टोयाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक परेश कुमार एवं





कारपोरेट सेल्स हेड राजन वर्मा ने बताया कि शोरूम के प्रथम तल पर हुई आगलगी की घटना में डीपी रूम, सर्वर रूम, एसी कंप्रेशर रूम, हेड चेंबर, कांफ्रेंस हाल, कंप्यूटर कंट्रोल रूम में रखा सामान जल गया। इन लोगों के अनुसार आगलगी की इस घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका अभी आकलन किया जा रहा है। आग लगने से वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। इसी बीच सूचना पाकर पहुंची फायर यूनिट ने आग बुझायी। पर काबू पाने में करीब 2 से 3 घंटे का समय लग गया शोरूम से जुड़े लोगों की माने तो आज से हुए नुकसान का आंकड़ा लाखों में हो सकता है आग लगने के बाद आसमान पर काले धुएं का गब्बर दूर से ही देखा जा रहा था आज पर काबू पाने के बाद जब लोग शोरूम के अंदर गए तो वहां का दृश्य देख कर काफी डरावना लग रहा था आज से प्रभावित हिस्सा भी पूरी तरह से काला हो गया था अनेक सामान कबाड़ की तरह दिख रहा था।

# भगवान भोलेनाथ का विवाह बड़े धूमधाम से विधि व्यवस्था के साथ किया गया

प्रात : किरण संवाददाता




दानापुर खबर नगर के अंतर्गत महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर थाना कुआं हनुमान मंदिर में संध्या सात बजे भगवान भोलेनाथ का विवाह बड़े धूमधाम से विधि व्यवस्था के साथ किया जाता है काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है यहां पर श्रद्धालुओं लोग के लिए पूरी सब्जी बुंदिया रायता चटनी का प्रसाद वितरण किया जाता है इस कार्यक्रम के एवं थाना कुआं मंदिर के अध्यक्ष श्री ओम नंदन तिवारी उर्फ बाबा के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल किया जाता है मंदिर कमेटी के सदस्य लोग उमा प्रसाद गुप्ता छोटू भैया लल्लू चौरसिया कल्लू जी सैदपुर साहिबा संजय भईया मोहम्मद शहनवाज उर्फ रिंकू कृष्णानंद तिवारी मोहम्मद पुची एवम तमाम युवा साथी मौजूद रहे।

# भूत-बैताल के साथ निकली शिव की बारात, दर्शन को उमड़ा सैलाब

## वाराणसी के औघड़ों के दल ने दिखाया करतब, वृंदावन के राधेकृष्ण की झांकी ने मन मोहा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को 26वां भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सिमली स्थित प्राचीन शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवाधिदेव की पूजा और महाआरती के बाद विधानसभा अध्यक्ष सह विधायक नंदकिशोर यादव ने महाआरती करने के साथ शिव की बारात को रवाना किया। भूत बैताल की झांकियों के साथ निकली शिव की बारात अशोक राजपथ से होते हुए गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर पहुंची। करीब पांच किलोमीटर की दूरी तय कर शोभायात्रा गायघाट गौरीशंकर मंदिर पहुंची। शिव की अलौकिक बारात और आकर्षक झांकियों के दर्शन के लिए अशोक राजपथ के दोनों किनारे शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। लोग आयोजन समिति के लोगों और शिव के रथ पर पुष्प वर्षा और भगवान की आरती कर धन्य हुए। पूरा शहर हर-हर महादेव के गगनभेदी नारे से गूंजता रहा। शिव की बारात मालसलामी, मारूफगंज, पूरब दरवाजा, हाजीगंज, चमडोरिया, चौक, खाजेकलां, गुरहट्टा, पश्चिम दरवाजा, भद्र घाट होते हुए गायघाट गौरी शंकर मंदिर पहुंची। बारात



में नूरुद्दीन गंज खंगर पर से निकाली शिवलिंग का पूजन करते हनुमान जी का दृश्य, सिमली से भगवान शिव-पार्वती की झांकी, बनारस के कलाकारों द्वारा श्मशान के अघोरियों का करतब आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र था। भरतपुर सिमली, भट्टीपर, किला रोड, पीरदमड़िया, विश्वकर्मा मंदिर चौक, पटना साहिब स्टेशन, चौकशिकारपुर आदि मोहल्लों से निकाली गई झांकियां सराहनीय रहीं। भगवा दल, बजरंग दल के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फूल-मालाओं से सुसज्जित रथ पर भगवान भोले शंकर की जगह -जगह नर-नारियों एवं स्वयंसेवी संगठनों ने आरती उतारने के साथ पुष्प वर्षा की। रथ के साथ महिलाओं की मंडली भजन कीर्तन करती चल रही थीं। आर्केस्ट्रा पार्टी के कलाकारों के द्वारा गाए जा रहे भक्ति गीतों पर युवाओं की टोली भक्ति भाव में झूमती चल रही थी। शोभायात्रा का नेतृत्व समिति के संरक्षक विधानसभा अध्यक्ष सह विधायक नंदकिशोर यादव, मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साह, संयोजक राजेश साह, वार्ड पार्षद अंजली राय, विनोद कुमार, गायत्री देवी, समिति के उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र, दिलीप चौधरी, मनोज वर्मा, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, राजू चंद्रवंशी, विनय केसरी, शाह कमल कृष्ण, हरेंद्र यादव, उदय यादव, राजेश यादव, अजय कुमार, अरुण मिश्रा, लड्डू चंद्रवंशी, प्रफुल्ल पांडेय, भगवती मोदी, रविरोशन मेहता, विकास मौड़ीवाल आदि कर रहे थे। शोभायात्रा के स्वागत में झाऊगंज में आदर्श महिला शिल्प कला केंद्र, तख्त हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी, रेडक्रॉस सोसायटी के गोविंद कानोडिया, मच्छरहट्टा व्यवसाय संघ, गुरहट्टा में बम बम शिव लहरी, पश्चिम दरवाजा में सत्यनारायण केसरी आदि संस्थाओं के सदस्यों ने शोभायात्रा का स्वागत किया तथा शामिल श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चाय, शरबत और फल की व्यवस्था की थी।

श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार चंद्रवंशी, नरेन्द्र कुमार शोभायात्रा के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समिति ने शिव भक्तों को अंग वस्त्र एवं माला पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान विनय कुमार बिट्टू, श्रवण कुमार चंद्रवंशी, शंकर कुमार मेहता, कीर्ति यादव, बाबू भाई, गौरव कुमार, अरबिंद कुमार, राहुल कुमार, राजू गोप, यश राज, सतेन्द्र पासवान, आशीष चंद्रबंशी शामिल हुए।

# तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन कल से

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। श्री श्याम नवयुवक मंडल के द्वारा नौ से 11 मार्च तक तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के 50 वर्ष पूरे होने पर श्री श्याम महोत्सव का स्वर्ण जयंती समारोह सनातन धर्म सभा भवन में मनाने जा रही है। मंडल के सचिव सह संयोजक सुरेश चौधरी ने बताया कि इस स्वर्ण जयंती समारोह के प्रथम दिन नौ मार्च को खाटू वाले श्री श्याम प्रभु की भव्य अलौकिक शृंगार, 51 घंटे की अखंड ज्योत के साथ 251 महिलाओं द्वारा एक परिवेश में कोलकाता के संदीप सुल्तानिया के नेतृत्व में सामूहिक अखंड ज्योति पाठ कराया जाएगा। इसके साथ श्री श्याम प्रभु की जीवन गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका के द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 10 मार्च को भक्तों द्वारा अपने घर से बनाए महाभोग का प्रसाद लगाया जाएगा। इसके बाद भजन गायक जयशंकर चौधरी, लव अग्रवाल (दोनों कोलकाता) और स्वाति अग्रवाल (सिलीगुड़ी) द्वारा भजनों की रसगंगा बहाई जाएगी। 11 मार्च को श्री श्याम प्रभु का निशान शोभायात्रा आयोजन स्थल सनातन धर्म सभा भवन से निकल कर नगर भ्रमण कर राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर में अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात 13 मार्च को 101 निशान लेकर श्री श्याम भक्त खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए नारायण प्रकाश साह, नारायण मोदी, सोनू लोयलका, संजीव देवड़ा, लकी मोदी आदि सक्रिय हैं।

# पितरों की याद में क्षेत्र प्रचारक ने पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवी जी एवं क्षेत्र प्रचार प्रमुख राजेश पांडेय जी गांधी सरोवर परिसर में पितरों की याद में पौधारोपण कर श्रद्धांजलि दी।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव के पुत्र स्व समीर राय की 10वीं पुण्यतिथि पर यह आयोजन किया गया था।

इस मौके पर पौधा लगाने और बचाने का संकल्प दिलाते हुए क्षेत्र प्रचारक रामनवी जी ने बताया कि पितरों -पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण करना न सिर्फ उनका सम्मान बढ़ाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम है। बढ़ते हुए प्रदूषण को कम करने के लिए और प्राणवायु के लिए सराहनीय पहल है।



इस अवसर पर आरएसएस क्षेत्र प्रचार प्रमुख राजेश पांडेय जी, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव, प्राचार्य राजदीप कुमार, डॉ विजय कुमार यादव, ओंकार प्रसाद यादव, विकास कुमार, फुटबॉलर कोच रणजीत राणा, मो रफीक, शंकर टेकरीवाल, जवाहर प्रसाद, राजेश मिश्रा, विजय कुमार मिश्रा आदि लोगों ने पौधारोपण किया।

# मंदिरों में जलार्पण, रुद्राभिषेक, भजन व विवाह उत्सव आयोजित

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि पर विभिन्न शिवालयों में अल सुबह से ही भक्तों के कदम पहुंच गए थे। मंदिरों में जलार्पण कर बिल्व पत्र, भांग, धतुरा, इसका फूल, नैवेद्य चढ़ाने, धूप व दीप जलाने और हवन कुंड में हुमाद डालने की भक्तों की भीड़ सी लगी थी। यह सिलसिला अपराह्न पांच बजे तक जारी रहा। गौरीशंकर मंदिर में न्यास समिति में रुद्राभिषेक, अखंड कीर्तन, शोभायात्रा का स्वागत, विवाह उत्सव का आयोजन हुआ। यहां अखंड कीर्तन भी चलता रहा। जंगली प्रसाल लेन स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक व शिव विवाह का आयोजन किया गया। शनिवार को भंडारा होगा। अखियां बाबा का मंदिर चली ताल स्थित हिमालय महादेव



मंदिर सादिकपुर पुलिस चौकी के पास स्थित बाबा बटेश्वर नाथ मंदिर हरी मंदिर गली के प्राचीन शिव मंदिर झौगंज स्थित पीतल के महादेव जी, गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित बाबा तिलकेश्वरनाथ महादेव मंदिर, तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर में अखंड कीर्तन, छोटी मंदिर सिमली, गायघाट करनालगंज स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, ओंकारधाम मंदिर श्री शिव शक्ति मंदिर, शिव मंदिर, शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, छोटी पटनदेवी में अनंत अभिषेक द्विवेदी और विवेक द्विवेदी की देखरेख में रुद्राभिषेक व धार्मिक आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों को रंग-बिरंगे बल्ब एवं फूलों से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है। कामख्या ठाकुरबाड़ी शिवालय मंदिर, मेवा साव लेन, सुल्तानगंज, शिव मन्दिर गड़हुआ टोला, शिवालय मन्दिर महेन्द्रू, शिव मन्दिर शाहगंज, बाबा भुतेश्वरनाथ मंदिर रानीघाट , शिवालय मंदिर खानमिर्जा, शिव मन्दिर दरगाह रोड, प्राचीन शिव मन्दिर बीएनआर रोड, निलेश्वर महादेव मन्दिर टेकारी रोड के अलावा अन्य शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना करने को जुटी थी। अनेक लोगों ने व्रत भी रखा था शाम में विवाह का रसम विधि विधान के साथ किया गया सामने लोगों ने फलाहार भी किया भजन कीर्तन का दौर भी मध्य रात्रि तक चलता रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जीएनएम की छात्राओं ने निकाली रैली

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में जीएनएम इंस्टीट्यूट की छात्राओं के द्वारा रैली निकली गई। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना है। महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ समाज में जागरुकता लाना है। साथ ही उन्हें सशक्त बनाना और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण



से संबंधित अधिकार और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों से अवगत कराना है। समाज में फैला लिंग भेदभाव, लिंग अनुपात में गिरावट और महिलाओं की सुरक्षा और जनजागरुकता सृजन करना महत्वपूर्ण है। जीएनएम इंस्टीट्यूट पीएमसीएच एवं जीएनएम संस्थान एनएमसीएच की प्राचार्या श्रीमती कुमारी वीणा के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इसमें छात्राओं के अलावा नर्सिंग ट्यूटर्स आसिफ, श्रीमती संचिता सामंता, श्रीमती मधु कुमारी, श्रीमती प्रतिभा कुमारी, श्रीमती संगम कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती नूतन रानी, मल्टी पर्पज चंचल कुमारी आदि शामिल थीं। सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी रेलवे हास्पिटल के सीनियर नर्सिंग अधीक्षक सुधा सिन्हा को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। प्रथम की ओर से संस्था के साथ जुड़ी स्वयंसेविकाओं व बालिकाओं के बीच कंप्यूटर प्रतियोगिता गायघाट में हुआ। कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार पांडे, रोहित कुमार, नेहाल आलम, सोनी कुमारी, अंशु सोनालिका, सविता कुमारी, रानी कुमारी, सोनम कुमारी, राकेश कुमार, प्रशांत कुमार, सन्नी कुमार, सागर, आंनद, शिवम, गौरव आदि शामिल हुए। विजेता को को पुरस्कृत किया गया।

# रफीगंज, जाखीम एवं फेसर स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया-सोनननगर रेलखंड के रफीगंज, जाखीम एवं फेसर स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी सं. 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 09 मार्च से जाखीम स्टेशन पर 21.53 बजे पहुंचकर 21.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 2. गाड़ी सं. 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 10 मार्च से जाखीम स्टेशन पर 05.05 बजे पहुंचकर 05.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 3. गाड़ी सं. 13009 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस 09 मार्च से जाखीम स्टेशन पर 05.47 बजे पहुंचकर 05.49 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 4. गाड़ी सं. 13010 योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस 09 मार्च से जाखीम स्टेशन पर 19.34 बजे पहुंचकर 19.36 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# शिव की बारात धूमधाम से निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत महाशिवरात्रि को लेकर अलग अलग इलाके से भव्य बारात निकला गया। लालचौक रामलखन लाल ठाकुरबाड़ी से धर्म प्रेमी संघ द्वारा भव्य शिव बारात शोभायात्रा निकाला गया। गाजे बाजे के साथ ऊंट, घोड़ के साथ भक्ति गीतो पर नाचाते गाते काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शिव बारात में शामिल भूत, प्रेत, बेताल के साथ भगवान शिव की भव्य शोभा यात्रा व हर हर महादेव का उद्घोष करते लोग शामिल रहे। बारात को देखने के लिए लोगो की भीड़ पुरे नगर में दिखी। जगह-जगह श्रद्धालुओ ने भगवान शिव की आरती उतारी व फूलो की बारिस कर स्वागत किया। इसके अलावे मुस्तफापुर व लख पर एवं अन्य जगह से भी शिव बारात निकली गई सांसद राम कृपाल यादव ठाकुरवाड़ी पहुंच



विश्वकल्याण की कामना करते हुए लोगो को शुभकामनाये दी। लाल चौक ठाकुरबारी आयोजन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ बिट्टू, ने बताया कि महाशिवरात्रि पर पिछले करीब 65 वर्षो से शिव बारात शोभायात्रा का आयोजन तमाम खगौल वासियों के सहयोग से किया जाता है। इस आयोजन के मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस देवेंद्र कुमार उर्फ घुट्टक, अजय कुमार यादव, भारत पोद्दार, दीपक कुमार, विकास कुमार अमित मेहता शत्रुघन कुमार सिन्हा, नवीन कुमार भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# तीन राज्यों के दृष्टिबाधित बालिकाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

पटना सिटी (प्राकि)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तीन राज्यों के दृष्टिबाधित बालिकाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बिहार नेत्रहीन परिषद एवं प्रायोजित आईसीई फाउंडेशन (यूएसए) द्वारा किया गया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन परिषद के परियोजना सलाहकार एवं समाजसेवी समिष्ठा बैनर्जी के द्वारा किया गया। इसके बाद बिहार एवं दिल्ली के दृष्टिबाधित बालिकाओं की टीम के बीच प्रतियोगिता शुरू हुआ।

इस प्रतियोगिता के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रोजेक्ट चेयरमैन कमेटी रमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि दृष्टिबाधित छात्रा-छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए खेलकूद के क्षेत्र में भी कार्य करना अनिवार्य है। खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास होता है। साथ ही इससे शैक्षणिक रुचि में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर रमेश प्रसाद सिंह बिहार सरकार से दृष्टिबाधित बालिकाओं को खेलने के लिए भूखंड आवंटित करने की मांग की। इस अवसर पर परिषद के महासचिव रवींद्र प्रसाद सिंह ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया।

# रंगिया मंडल के बाइहाटा एवं चांगसारी स्टेशनों पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा मे उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के रंगिया मण्डल के बाइहाटा एवं चांगसारी स्टेशनों पर दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में एनआई कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया जायेगा -

1.नई दिल्ली से 19 मार्च, 2024 तक खुलने वाली 12424 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी ।

2.नई दिल्ली से 08, 09, 11, 12, 13, 15, 16, 18 एवं 19 मार्च, 2024 को खुलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी ।

3.लोकमान्य तिलक से 08 एवं 15 मार्च, 2024 को खुलने वाली 15647 लोकमान्य तिलक-गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बरपेटा रोड एवं रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा।

4.अमृतसर से 08 एवं 15 मार्च, 2024 को खुलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा। 5.आनंद विहार से 19 मार्च, 2024 तक खुलने वाली 12506 आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बरपेटा रोड एवं रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा।

6.दिल्ली से 18 मार्च, 2024 तक खुलने वाली 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बोंगाईगांव, बिजनी, बरपेटा रोड नलबाड़ी एवं रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा।

7.देवघर से 11 एवं 18 मार्च, 2024 को खुलने वाली 15625 देवघर-अगरतला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा।

8.गुवाहाटी से 11 एवं 18 मार्च, 2024 को खुलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईगांव के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा।

9.गुवाहाटी से 13 एवं 20 मार्च, 2024 को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईगांव के रास्ते चलाई जायेगी ।

# एमएमसीएच में आज अधीक्षक का प्रभार लेंगे डॉ. अलका सिंह

पटना सिटी (प्राकि)। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रभारी अधीक्षक के रूप में शिशु रोग विभाग की प्राध्यापक डॉ अलका सिंह को पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गुरुवार को अधिसूचना सरकार के अवर सचिव शैलेश कुमार के द्वारा जारी की गई है। इस संबंध में डॉ अलका सिंह से की गई बातचीत में उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पूर्वाह्न 10 से 11 के बीच वे अधीक्षक रहे डॉ राजीव रंजन से प्रभार ग्रहण करेंगी। इसके बाद वह विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्षों,



अन्य चिकित्सकों के साथ बैठक करेंगी। फिर वे अपनी आगे की योजना के बारे में तय करेंगी। विदित हो कि नालंदा मेडिकल कॉलेज में स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोडॉ उषा कुमारी प्रभारी प्राचार्य के रूप में काम कर रही हैं, तो वहीं अस्पताल में प्रभारी अधीक्षक के रूप में प्रोडॉ अलका सिंह कार्य करेंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए कॉलेज और अस्पताल में महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

# महाशिवरात्रि पूजा पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

फतुहा। शुक्रवार को महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण इलाके में शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना को लेकर दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी रहा। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रही। मस्ताना घाट स्थित शिव मंदिर, कल्याण नाथ मंदिर, सोरा कोठी स्थित शिव मंदिर, त्रिवेणी संगम स्थित शिव मंदिर , थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, प्रखंड कार्यालय शिव मंदिर मे महिला श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा



देखी गई। इस पर्व को लेकर शिव मंदिरो को आकर्षक रुप से सजाया भी गया है। कई जगहों पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि को लेकर बाजारों में चहल-पहल बनी रही।

# अयोध्या प्रभु श्री राम का दर्शन कर लौटे भाजपा कार्यकर्ता

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। फतुहा से भाजपा कार्यकर्ता जो प्रभु श्री राम का दर्शन करने 6 मार्च बुधवार को आस्था स्पेशल ट्रेन से गये थे वो शुक्रवार को 8 मार्च की सुबह वापस आ गये। पूरा रेलवे स्टेशन भाजपा कार्यकताओं द्वारा जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने बताया की फतुहा और बखितयारपुर विधानसभा क्षेत्र से 1500 भाजपा कार्यकताओं ने प्रभु श्री राम और हनुमानगढ़ी में पूजा और दर्शन किया। पूरे व्यवस्था के लिए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतु



राज सिन्हा, यात्रा प्रमुख कुंवर विजय पासवान, यात्रा प्रभारी राजीव रंजन, उतर प्रदेश की योगी सरकार और उतर प्रदेश भाजपा की पूरी टीम को बधाई दी है जिन्होंने यात्रा से लेकर अयोध्या में रहने-सहने का घूमने की सुंदर व्यवस्था कर रखी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. मीना प्रसाद फिर से बनीं महाविद्यालय की प्रधानाचार्य

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के प्रतिष्ठित महाविद्यालय समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर के प्रधानाचार्य के रूप में डॉ. मीना प्रसाद ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। अभी तक यहां प्रोफेसर इंचार्ज से काम चलाया जा रहा था। पूर्व में भी डॉक्टर मीना प्रसाद यहां की प्रधानाचार्य थीं। उनके एक बार फिर से समस्तीपुर कॉलेज में लौटने से कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों के अलावा अभिभावकों और छात्रों में भी हर्ष व्याप्त है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय पेंशनधारी शिक्षक संघ के जिला संयोजक डॉ प्रभात कुमार तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रो निर्मल सिंह ने भी डॉ मीना प्रसाद को कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में सभी वर्ग संचालित होंगे और कॉलेज में विज्ञान के विषयों में नियमित रूप से प्रायोगिक वर्ग भी संचालित किये जा सकेंगे।

### मनरेगा में धांधली के शिकायत पर जांच का आदेश

विभूतिपुर, समस्तीपुर। मनरेगा में धांधली के शिकायत पर उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम पदाधिकारी विभूतिपुर को जांच का आदेश दिया है। बताया गया कि कल्याणपुर उत्तर वार्ड एक के वार्ड सदस्य रामचंद्र सहनी ने जिला अधिकारी समस्तीपुर को लिखित शिकायत किया था। जिसमें बताया गया कि कल्याणपुर उत्तर पंचायत के मुखिया द्वारा मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण एक वार्ड से लेकर 15 वार्ड तक सैकड़ो यूनिट चल रहा है। कुछ योजना बंद भी हो गए हैं। योजना बंद एवं पौधा यूनिट के अनुसार नहीं होने के बावजूद भी मुखिया अपने पुत्रों एवं संबंधियों के खाते में रुपया भेजवा कर निकासी कर रहा है।

### जिलाधिकारी ने किया कार्यालयों का भ्रमण ,दिए जरूरी निर्देश

मुजफ्फरपुर।कार्यालयों में कार्य संस्कृति को बेहतर बनाने को लेकर विभागीय निदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने कई निदेश दिये। अभिलेखागार का नया भवन बनाने हेतु प्रस्ताव देने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को निदेश दिया गया कि अभिलेखागार भवन के लिए मापी एवं प्राक्कलन का प्रस्ताव दें। इसके अतिरिक्त समाहरणालय में उपलब्ध भूमि का बेहतर उपयोग करने के लिए नये कार्यालय कार्य हेतु मल्टीस्टोर भवन बनाने का निदेश दिया गया। उन्होंने नजारत कार्यालय, भू-अर्जन, पंचायत, अभिलेखागार आदि कार्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने समाहरणालय में प्रत्येक कार्यालय में पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग से शौचालय निर्माण एवं उसके साफ-सफाई के संबंध में कार्य कराने का निदेश दिया। कार्यालयों में पुराने एवं अस्त संचिकाओं को बेहतर ढ़ंग से संधारित करते हुए रखने का निदेश दिया। कार्य संस्कृति को बेहतर करने के लिए कार्यालय में साफ-सफाई को बनाये रखने का निदेश दिया गया।

### हत्याकांड समेत विभिन्न मामलों के 3 फरार अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर।आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में जिलांतर्गत पुराने , जघन्य एवं गंभीर कांडो में वांछित फरार, सक्रिय अपराधकर्मियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।इसी सिलसिले में अहियापुर पुलिस की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए अहियापुर थाना कांड सं0 895/22 दिनांक 07.10.2022, राजा ठाकुर हत्याकांड में फरार चल रहा ।अप्राथमिकी वांछित अभियुक्त दीपक राय ग्राम मोहम्मद थाना-अहियापुर को गिरफ्तार किया गया है। इस कांड में पूर्व में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। दूसरे मामले में सदर थाना की टीम द्वारा कांड सं0 828/21 दिनांक 11.12.2021, नवनीत हत्याकांड में फिरार चल रहे।

### सवा महीने का अखंड सीता राम यज्ञ प्रारम्भ

मुजफ्फरपुर।गायघाट प्रखंड के लक्ष्मणनगर गांव स्थित तपस्वी नारायण बाबा मंदिर के ब्रह्मस्थान से आज महाशिवरात्रि के अवसर पर 27वीं श्री सीताराम नाम अखंड महायज्ञ सवा महीना का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम सन 1998 से लगातार चल रही है।इस अवसर पर 351 कुमारी कन्याओं द्वारा गाजे-बाजे व घोड़ा के बीच कलश शोभायात्रा निकाली गयी। हर ओर भक्ति का माहौल छाया दिखाई दिया।वातावरण में जयकारे की गूंज सुनाई पड़ी। जयकारे लगते रहे। भक्तों ने फूलों की वर्षा की।जो तपस्वी नारायण बाबा मंदिर ब्रह्मस्थान से निकलकर कांटा गांव स्थित कार्निया घाट तक गयी और जलबोझी कर मंदिर प्रांगण में लौटी।इस कलश यात्रा के मौके पर विधायक निरंजन राय, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व मुखिया कमलेश प्रसाद सिंह, राधे श्याम सिंह, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

# द्विवार्षिक विधान परिषद चुनाव 2024 के महागठबंधन के उम्मीदवारों को दिया बधाई

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



द्विवार्षिक विधान परिषद चुनाव 2024 के लिए महागठबंधन से राजद के राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दकी, उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली तथा भाकपा माले के शशि यादव को उम्मीदवार बनाये जाने पर पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, प्रधान महासचिव विपीन सहनी, मो. नगर प्रमुख जवाहर लाल राय, प्रदेश महासचिव पीपी शर्मा, जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, राजद दलित सेल के प्रदेश महासचिव प्रमोद राम, नगर पार्षद सह राजद महिला सेल के जिलाध्यक्ष पिंकी राय, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रांतीय नेता मो. परवेज आलम, कार्यालय सचिव रोशन यादव, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार शोले, मुखिया राजीव राय, मुखिया लक्ष्मण पासवान, राजद नेता जगदीश राय, अरविन्द राय, सुरेश राय, बेबी साह, अशोक साह, प्रमोद पंडित, बीडी कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. रजनीश कुशवाहा, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, जयशंकर ठाकुर, ज्योति महतो, मनोज पटेल, रविन्द्र कुमार रवि, राकेश कुशवाहा, दीपक यादव, डॉ सूरज दास, हरेन्द्र कुमार, मुकेश यादव, ई. राजेश कुमार राय, जयलाल राय, विधा भूषण यादव, प्रमोद कुमार पप्पू, रंजीत कुमार रम्भू, रामकुमार राय, मनोज कुमार राय, नंदन यादव, अखिलेश कुमार दास, मो. आसिफ इकबाल, गोपाल महतो, विनोद महतो, सैयद फैसल आलम मन्नू, मो.ओ. शाहनवाज हसीब, ज्ञान प्रकाश झा, डॉ रामपुकार कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, जितू कुशवाहा, विमल पासवान, जितेन्द्र प्रसाद नन्कवी, छोटन खान, मो. अमरोज, राकेश पांडेय, सुबोध राय, शंकर बाबा, राकेश रजक, रितेश कुमार पिंकू, संतोष कुमार राय, गुड्डू सिंह, बुलेट कुशवाहा, संदीप सरकार, अंकित वर्धन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है तथा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पार्षद सरायरंजन पूजा कुमारी, जदयू जिलाध्यक्ष शकुंतला वर्मा, शिक्षाविद एवं कला कौशल में प्रवीण आनिंदिता साँई उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समीर कुमार साँई क्षेत्र प्रमुख, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा की गयी।

महिला दिवस समारोह में अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान, प्रगति, समानता व समरसता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्र प्रमुख द्वारा सभी महिलाओं को नमन कर नारी शक्ति को राष्ट्र सम्मान के रूप में संबोधित किया गया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप क्षेत्र प्रमुख सुभाष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक पीके सिंह, मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार एवं सुनील कुमार सिंह, प्रीति चौधरी, कल्पना कुमारी, प्रीति प्रिया, मीनाक्षी मेहता, स्नेहा कुमारी, पिंकी कुमारी, गार्गी शरण, सरोज कुमारी, रूपा रश्मि, कोमल कृति इत्यादि उपस्थित रहीं तथा धन्यवाद ज्ञापन नरेन्द्र नाथ ने किया।

## 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता




समस्तीपुर। 8 मार्च शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से देर संध्याकाल तक मनाया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन द्वारा उद्घाटन बिहार ब्रह्माकुमारी संचालिका राजयोगिनी रानी दीदी, वरीय उप समाहर्ता पुष्पिता झा, डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के डायरेक्टर आफ एक्सटेंशन एजुकेशन डॉ० एम एस कुंडू, डिप्टी मेयर रामबालक पासवान, सुधा डेयरी एमडी आरके झा, रामगोपाल सुरेका, सविता बहन व कृष्ण भाई ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोगिनी रानी दीदी ने कहा- परमपिता परमात्मा शिव बाबा विगत 88 वर्षों से भारत भूमि पर अवतरित होकर स्वर्णिम भारत बनाने के लिए आत्माओं को ज्ञान और योग की शिक्षा से श्रृंगारकर मानव को देव मानव बना रहे हैं। वर्तमान समय लाखों नर-नारी परमात्मा के दिव्य अवतरण को पहचान कर अपने जीवन को उनके वरदानों से भरपूर कर रहे हैं। शिवरात्रि पर्व उनके इसी कर्तव्य का यादगार पर्व है। बीके तरुण ने शिव जयंती सो गीता जयंती विषय पर बोलते हुए कहा कि गीता में वर्णित है- मैं अजन्मा, निराकार, परब्रह्म हूं। मेरा जन्म दिव्य और अलौकिक है, साधारण मनुष्यों की भांति मैं जन्म नहीं लेता। उनके बारे में कहा गया है- बिनु पग चलहि, सुनहि बिनु काना... यह सब बातें श्री कृष्ण पर लागू नहीं होतीं क्योंकि उन्होंने माता के गर्भ से जन्म लिया है। यह सारी बातें निराकार परमपिता परमात्मा शिव पर लागू होती हैं क्योंकि वे परकाया प्रजापिता ब्रह्मा के तन में प्रवेश होकर उनके मुख से गीता ज्ञान देते हैं। गीता में परमात्मा का यही संदेश है- देह सहित देह के सब धर्मों को बुद्धि से तज एक मुझे याद करो तो मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा। गीता के वचन अनुसार अभी परमात्मा शिव यह कर्तव्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों ने अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण भाई ने किया। स्वागत भाषण सविता बहन ने किया। ओम प्रकाश भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। रानी दीदी ने शिव ध्वज लहराते हुए कहा कि जल्द ही परमात्मा शिव के अवतरण का समाचार सारी दुनिया में प्रत्यक्ष होने वाला है और शिव का झंडा सभी को एकता के सूत्र में पिरोकर सुख-शांति की प्राप्ति करायेगा। कार्यक्रम में एडीएम अजय कुमार तिवारी, एसडीओ दिलीप कुमार, वरीय उप समाहर्ता प्रियंका प्रियदर्शिनी, सतीश चांदना, डॉ० दशरथ तिवारी, राजकुमार अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी को अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

## एसडीओ ऑफिस के सामने लगे एक चार चक्का वाहन से 12 लाख रुपए रखे एक बैग की चोरी, एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर। समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के एसडीओ कार्यालय के सामने खड़ी एक चार चक्का गाड़ी में रखा हुआ बैग में 12 लाख रुपए सहित बैग की चोरी कर ली। बैग में पीड़ित के व्यवसाय से सम्बंधित कागजात भी थे, जिसे चोर अपने साथ लेते चले गए। पीड़ित की पहचान पटना जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र के पटना मजिस्ट्रेट कॉलोनी आशियाना नगर निवासी विजय कांत के पुत्र देवेश कांत के रूप में हुई है। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित देवेश कांत की लिखित शिकायत पर नगर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में शिकायतकर्ता देवेश कांत ने पुलिस को बताया है कि वह अपने ऑफिस स्टाफ के साथ दरभंगा से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान समस्तीपुर पहुंचने के बाद किसी काम को लेकर उन्होंने अपनी गाड़ी एसडीओ ऑफिस के अपोजिट टाउन हॉल के पास पार्क की थी। उनकी गाड़ी में एक भूरा रंग का बैग था।

## तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की गई आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। चंद्रशेखर द्वितीयकमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निदेर्शानुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समवाय गंगौर के कार्य क्षेत्र में चलाए जा रहे तीन दिवसीय मिथिला क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दिनांक 08/03/2024 को 04 टीमें आपस में भिड़ी प्रथम सेमीफाईनल मैच गंगौर क्रिकेट क्लब और जानकीनगर क्रिकेट क्लब के बीच 10-10 ओवरों का हुआ जिसमें गंगौर क्रिकेट क्लब ने 68 रनों का पीछा करते हुए 04 विकेट से विजय हुई और अपना फाइनल में जगह सुनिश्चित की तथा द्वितीय सेमीफाईनल मैच कमला क्रिकेट क्लब और पिपरौन क्रिकेट क्लब के बीच 10-10 ओवरों का हुआ जिसमें पिपरौन क्रिकेट क्लब की टीम ने 76 रनों का लक्षय का पीछा करते हुए 04 विकेट के नुकसान पर ही जीत हासिल करके फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली । विजय घोषित हुई दोनों टीमों के बीच कल दिनांक 09/03/2024 को इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच नंदलाल 10+2 उच्च स्कूल में होगा होगा तथा आज की प्रतियोगिता में विजेता हुए दोनों टीम के खिलाड़ियों को गंगौर समावाय प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार द्वारा प्रोत्साहित किया गया तथा कल के होने वाले फाइनल मैच मैं अपनी जगह पक्की करने के लिए बधाई दी तथा अपने वक्तव्य में लोगों से अनुरोध किया कि कल होने वाले इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज करवाने का आह्वान किया।

## महाशिवरात्रि को लेकर कपिलेश्वर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। रहिका प्रखंड क्षेत्र के मिथिलांचल के प्रसिद्ध देवघर बाबा कपिलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में हजारों हजार की संख्या में शिवभक्तों की भीड़ सुबह 4 बजे से ही कतार लग गई ।वही शिवभक्तो ने हर हर महादेव बोल बम के जयकारे से पूरा दिन शिवालय गूंजता रहा ।वहीं संतोष पंडा ने कहा सुबह से लगभग 40 से 50 हजार भक्त 01बजे दिन तक पूजा कर चुके हैं। अभी भी कतार काफी लंबी हैं भीड़ के मद्देनजर रहिका थाना पुलिस पुरी तरह से चुस्त दुरुस्त दिखी ।श्रद्धालुओ को किसी तरह की परेशानी ना हो इसलिए सुबह से ही पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान व मंदिर प्रशासन परिसर के बाहर और अंदर मौजूद थे। रहिका थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा सुबह 4 बजे से ही सभी पुलिस बल को जगह जगह प्रतिनियुक्ति की गई हैं और सामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर रखी गई है हुरदंग मचाने वाले को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। मंदिर पूजा समिति के सदस्य ने कहा भक्तों की अपार भीड़ हैं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा हैं ।आज पूरे दिन शिव भक्तो की भीड़ देखने को मिलेगा ।तथा रात में महाशिवरात्रि महोत्सव के साथ संस्कृति कार्यकर्म का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर एसडीपीओ राजीव कुमार,सदर अनुमंडल पदाधिकारी अश्विनी कुमार एव मधुबनी मेयर अरुण राय साथ रहिका अंचलाधिकारी अभय कुमार थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के साथ समस्त मेला कमिटी सदस्य मैजुद रहेंगे ।ही दिनांक 09और 10 मार्च को दंगल कुश्ती प्रतियोगिता हर साल की भांति इस साल भी आयोजन किया गया हैं। महाशिव रात्रि को लेकर हर साल की भांति इस साल भी बड़ी ही धूमधाम से शिव विवाहोत्सव मनाया गया।

## महाशिवरात्रि को लेकर जयनगर मेन रोड मे शिव बारात में महाप्रसाद का किया गया वितरण

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। नारायणी सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि महापर्व पर जयनगर मुख्यबाजार वार्ड नम्बर 2 में शिव बारात में महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्रत्येक साल की भांति इस साल भी धूमधाम से मनाया गया। जयनगर कमलां रोड महावीर मन्दिर परिसर से बड़े धूमधाम से बारात निकाली गई ।बारात में विभिन तरहों का शिवगणों द्वारा रंग बिरंगी झाखि निकाली गई। वही नारायणी सेवा समिति के सदस्य गण में संटू नायक,आयुष अग्रवाल ,विककय साह,सुमन यादव,अभिषेक रारुत ,रोहित यादव,विजय मोहन, अजय गुप्ता दीपक घनश्याम गोविंद लाल बाबू मीनू अग्रवाल, काजल यादव, बिनिता यादव, अरुण जैन,महिला विकास मंच जिला अध्यक्ष सह बिहार प्रदेश कार्यकारिणी दीपशिखा सिंह, मनीष सिंह यादव,सहित दर्जनों सदस्यगण मौजूद रहे।

## बाबा गुपेश्वर नाथ महादेव मंदिर से कलश शोभा यात्रा निकाला गया

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के चतरा दक्षिण कमला घाट स्थित श्री श्री - 108 बाबा गुपेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शंकर व पार्वती की विवाह उत्सव को लेकर 251 कन्याएं के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. इस भव्य कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ ठेकेदार जी लक्ष्मी यादव पैक्स अध्यक्ष भोगेन्द्र यादव धुरन दास द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत किया गया. यह कलश शोभा यात्रा बाबा गुपेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर से गाजे,बाजे के साथ सभी कन्याएं माथे पर कलश धारण करके शंकर,पार्वती की जयजयकार लगते हुए चतरा , मकुनमा ,मैनापट्टी गांव की प्रक्रिमा करते हुए चतरा घाट स्थित सोनी,धौरी एव कमला नदी के संगम तट पर सभी कन्याएं कलश में जल बोझकर पुनः वापस बाबा गुपेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर लाया गया. वही विद्वान पंडित परमानंद झा, पंडित राजनाथ झा,पंडित विजेंद्र झा,पंडित जितेंद्र झा एव पंडित आनंद झा द्वारा पुजारी राजेन्द्र कुमार यादव उनकी धर्म पत्नी राम सुंदरी देवी उर्फ रितु जी को वैदिक मंत्रों उच्चारण करके विधिवत रूप से कलश को स्थापना कराया गया. कलश स्थापना के बाद विद्वान पंडितों द्वारा बाबा गुपेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना शुरू की गयी. इस दौरान पंडित परमानंद झा एव पंडित विजेंद्र झा ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन जो श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा उपवास कर भगवान शंकर एव पार्वती जी की पूजा अर्चना सहित रात्रि जागरण करने वाले श्रद्धालुगण को सांसारिक सुख एव भौतिक सुख प्रदान प्राप्त होती है.उन्होंने कहा कि यह महाशिवरात्रि पर्व के दिन जो महिलाएं शिव एव पार्वती की पूजन ,आराधना करने से मनचाहा वर प्राप्त होता है. वही समाजसेवी राजेन्द्र कुमार यादव उर्फ ठेकेदार जी ने कहा कि बाबा गुपेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर रात्रि में शंकर ,पार्वती की विवाह उत्सव मनायी जाएगी. साथ ही मंदिर परिसर में सैकड़ो साधु,संत एव बाल भगवान की भंडारा का आयोजन किया जाएगा. इस कलश शोभा यात्रा के मौके पर मुखिया अनिता देवी, बेचन यादव, वार्ड सदस्य धुरन दास,राम लोभित यादव, भोगेन्द्र प्रसाद यादव,देवेंद्र यादव,महेंद्र यादव,लक्ष्मी यादव,योगेंद्र यादव,विजय यादव,सुधीर कुमार यादव, संतोष कुमार सिंह सहित दर्जनों महिलाएं एव पुरुष श्रद्धालुगण शामिल थे।

## अगलगी की घटना में दर्जन घर जलकर हुआ राख

प्रात: किरण संवाददाता



कल्याणपुर। थाना क्षेत्र के तीरा पंचायत के राजपा गांव में शुक्रवार की दोपहर आग लगी की घटना में आग लगने से दर्जन भर घर जलकर हुआ राख। आग लगी की घटना में लाखों रुपए क्षति होने की बात लोगों ने बताई है। वहीं घर में रखा अनाज कपड़ा सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। इस आग लगी की घटना में सुरेंद्र राम पुनीत राम विनोद राम लक्ष्मण राम मनोज राम लाला राम मिथिलेश राम सहित दर्जन भर घर जल गया। प्रत्यक्षदर्शी का बताना है कि आग उपेंद्र राम के घर से लगा है ।उपेंद्र राम के घर में चूल्हा पर खाना बना था जो आग को सही ढंग से नहीं बुता पाया था। जिस कारण धीरे-धीरे उपेंद्र राम के घर के फुस के टाटी में आग लग जाने के कारण पुरा आग फैल गया।

वहीं आग लगे की घटना में मनोज राम की पुत्री करिश्मा कुमार की शादी 24 मार्च को होनी थी। जिसकी सारी तैयारी कर ली गई थी। जिसका सामान जलकर राख हो गया। वहीं दूसरी लड़की कविता कुमार की भी शादी 16 मार्च को होना था। इसका भी सारा सामान जल के राख हो गया। वहीं आग पर काबू पाने के लिए तीन छोटा अग्निशामक एवं एक बड़ा कुल चार अग्निशमन से आग पर काबू पाया गया। समाचार प्रेषण तक आग पर काबू पाने के लिए काम किया जा रहा था ।वहीं घटनास्थल पर अंचल अधिकारी शशि शेखर कुमार, बीडीओ देवेंद्र कुमार, थाना अध्यक्ष राजन कुमार, युवा समाज सेवी आनंद कुमार डब्लू, मुखिया प्रतिनिधि आशीष कुमार सहित ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 61महिलाएं हुईं सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आईसीडीएस शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया जिसमें जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन उपाध्यक्ष आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सहित कई वरीय पदाधिकारी ने हिस्सा लिया ।इस अवसर पर आईसीडीएस सहित विभिन्न विभागों कई 61 कर्मठ और लग्नशील महिला कर्मियों एवं पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं एवं पुरुष के बीच अब सामानता की बात नहीं रही वो तो हैं ही बल्कि उन्हें एक प्लेटफार्म देने की आवश्यकता है जिस पर महिलाएं सभी क्षेत्रों में अधिकतम ऊंचाई और सोपान प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि महिलाएं शुरू से पुरुषों की तुलना में अधिक सजग और आगे रही है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि महिलाओं को अवसर काफी प्राप्त हो रहे हैं साथ ही उन्हें समय-समय पर सम्मानित करने की भी आवश्यकता है जिससे कि उनका मनोबल एवं हौसला बरकरार रहे।

## वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम ने की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी, सुब्रत कुमार सेन ने गुरुवार को विडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने दाखिल खारिज, अभियान बसेरा, परिमार्जन, भू-लगान वसूली आदि की अद्यतन स्थिति का समीक्षा किया गया। लंबित दाखिल खारिज मामले में नोटिस भेजने का निदेश दिया गया। प्रत्येक दिन लंबित मामलों की समीक्षा की जाती है। उन्होंने स्पष्ट निदेश दिया कि 1ली अप्रैल के बाद से अधिकतम लंबित रहने पर फाईन लगाया जाएगा तथा कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अंचलवार निष्पादन की समीक्षा की गई। पारू, कुढ़नी, मोतीपुर, मुशहरी आदि ने बेहतर प्रगति की है, जबकि मीनापुर, मुरौल, मड़वन आदि में निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वरीय प्रभारी को स्पष्ट निदेश दिया गया कि अपने साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण के दौरान दाखिल खारिज अभियान, बसेरा, भू-लगान वसूली, नल-जल, जाति गणना का उपयोगिता प्रमाण-पत्र, आपदा में मुआवजा राशि आदि का विशेष रूप से समीक्षा करें। जमाबंदी के आधार सीडिंग को भी शत-प्रतिशत करने का निदेश दिया गया। पंचायत सरकार भवन एवं डब्लू.पी.यू. के लिए जहां से जमीन चिन्हित नही हो वहां अविलम्ब समन्वय के साथ चिन्हित करने का निदेश दिया गया। नल जल के तहत सभी 21-22 पंचायतों में युजर चार्च लिया जा रहा है, फिर भी वसूली कम हुई है, इस पर निदेश दिया गया कि प्रत्येक पंचायत में राशि वसूली में वृद्धि करें। वसूली कम होने पर प्रखण्ड समन्वयक, एस.एस.बी.ए. पर कार्रवाई की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




हाजीपुर । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए । इसी कड़ी में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने समारोह का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादान के लिए 71 महिला रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया गया ।पुरस्कार विजेता महिलाओं द्वारा 2047 की विकसित भारत की रेलवेह्यह्य विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए जिसमें महिला रेलकर्मियों की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं भविष्य की योजनाओं पर उनके लक्ष्य की झलक देखने को मिली । पुरस्कृत होने वाली महिला रेल कर्मियों में ज्यादातर महिलाएं कठिन क्षेत्र/परिस्थितियों एवं रेल परिचालन से संबंधित पदो यथा लोको पायलट स्टेशन मास्टर, ट्रेन मैनेजर, ट्रैक मेंटेनर। टेक्नीशियन चिकित्सा सेवा, सुरक्षा, संरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पदों/गतिविधियों से जुड़ी है ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने सभी महिला रेल कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की ।महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल को अपने महिला रेलकर्मियों पर काफी गर्व है । वे अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं ।महाप्रबंधक ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कर्त्तव्यनिष्ठ महिला रेलकर्मियों के सहयोग से पूर्व मध्य रेल सफलता की नई उॅचाई को प्राप्त करेगा ।उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला रेलकर्मी अपने-अपने दायित्वों का बखुबी निर्वहन कर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पूर्व मध्य रेल के सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में भी महिला रेल कर्मियों के लिये स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर ह्यह्यकन्या भ्रूण हत्याह्यह्य पर आधारित एक प्रजेंटेशन की भी प्रस्तुति की गयी ।

## अगले 5 दिनो तक मौसम रहेगा शुष्क,तापमान में होगी वृद्धि

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगले 5दिनों तक मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है ।इस अवधि में तापमान में वृद्धि होगी ।यह जानकारीग्रामीम कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से अगले 5दिनों के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 26.2 एवं 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 45 प्रतिशत, हवा की औसत गति 12.4 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.5 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 9.5 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 14.8 एवं दोपहर में 32.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।

9 से 13 मार्च तक के मौसम पूवार्नुमान मैं बताया गया है कि इस अवधि में अधिकतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 13-16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 10 से 15 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने का अनुमान है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है।

मौसम की शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए तैयार सरसों की कटनी, दौनी तथा सुखाने का काम प्राथमिकता देकर करें। तैयार आलू की खोदाई कर लें। शुष्क मौसम एवं तापमान में वृद्धि होना थ्रिप्स कीट के लिए अनुकुल वातावरण है। प्याज में इस कीट की निगरानी करें। यह प्याज को नुकसान पहुँचानेवाला मुख्य कीट है। यह आकार में अतिसुक्ष्म होता है तथा पत्तियों की सतह पर चिपक कर रस चुसते है।

## संक्षिप्त खबरें

### याद किए गए कीर्ति नारायण



मधेपुरा। महामना कीर्ति नारायण मंडल एक महान शिक्षाविद, सजग समाजनिर्माता एवं लोककल्याणार्थ समर्पित संत थे। उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी है। यह बात प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कही। वे ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में महाविद्यालय के संस्थापक कीर्ति नारायण मंडल की स्मृति समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कीर्ति बाबू ने अपना संपूर्ण जीवन का एक-एक क्षण, उनके हृदय की प्रत्येक धड़कन और उनकी संपत्ति का कण-कण समाज को दान दे दिया। वे महात्मा गाँधी जैसे सत्याग्रही और मदन मोहन मालवीय की तरह शिक्षा के प्रचारक थे। उन्होंने कहा कि कीर्ति बाबू ने समाज को शिक्षित करने के लिए दर्जनों शैक्षणिक संस्थान का निर्माण किया। उनके बनाए शिक्षण संस्थानों से आज हजारों छात्र पढ़ लिखकर अच्छे-अच्छे पदों पर देश की तरक्की में लगे हुए हैं। इसके पूर्व सभी लोगों ने विज्ञान परिसर स्थित कीर्ति नारायण मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की। इस अवसर पर कई शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

### शिवलिंग स्थापना को निकाली गई कलश शोभा यात्रा

मुरलीगंज। जीतापुर पंचायत के गम्हरिया चौक स्थित नवनिर्मित शिवालय में शिवलिंग स्थापना को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 151 कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा में शामिल हुई। बताया गया कि उमेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और शिवलिंग स्थापना को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई है। बनारस से पवित्र शिवलिंग मंगवाया है। पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिवरात्री के अवसर पर शिवलिंग स्थापित होगा। गाजे बाजे ढ़ोल नगारे भक्तिभजन के साथ कलश शोभा यात्रा में गाँव के श्रद्धालु शामिल हुए। भाजपा प्रदेश मंत्री स्वदेश यादव और भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भगवा झंडा दिखाकर कलश शोभा यात्रा को गाँव भ्रमण के लिए रवाना किया। शिवलिंग स्थापना को लेकर गाँव में भक्तिमय वातावरण कायम है। मौके पर दीपक कुमार, चंदन कुमार, कन्हैया कुमार, देवनारायण यादव, मधुसूदन सिंह, गोपाल सिंह, महेंद्र पासवान, दिलीप सिंह, हरिकिशोर यादव, सुभाष साह, प्रकाश शर्मा, प्रभु विश्वास सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### विभिन्न पंचायत में बिजली विभाग ने दर्जनों उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन काटा

कुमारखंड। कुमारखंड प्रखंड विभिन्न पंचायत में शुक्रवार बिजली विभाग के कर्मी द्वारा दर्जनों उपभोक्ता के बिजली बिल का बकाया राशि जमा नहीं करने पर विधुत कनेक्शन काट दिया गया। जिससे उपभोक्ता को अंधेरे में रात गुजारना पड़ेगा। इस संबंध मेंविद्युत विभाग नॉर्थबिहार डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के कनीय विद्युत अभियंता कुंदन कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग के कर्मी मानव बल कार्तिक कुमार, नरेंद्र कुमार, सनी कुमार, मुकेश कुमार ,सुनील कुमार प्रदीप कुमार ,चंदन कुमार ने लक्ष्मीपुर भगवती और टेंगराहा परिहारी पंचायत के विभिन्न वार्ड पहुंच कर बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया गया है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कुंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया लक्ष्मीपुर भगवती पंचायत में 30 उपभोक्ता और टेंगराहा परिहारी में 35 उपभोक्ता जो विद्युत आपूर्ति का बकाया राशि जमा नहीं करने पर विधुत कनेक्शन काट दिया गया है। राशि जमा करने के बाद फिर से कनेक्शन जोड़ा जाएगा।

### संस्थान द्वारा झांकी की प्रस्तुति की गई

हाजीपुर।महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर महादेव पातालेश्वर धाम मंदिर से भगवान भोलेनाथ की विहंगम बारात निकाली गई। यह बारात मंदिर परिसर से निकलकर मस्जिद चौक के रास्ते गुदरी होते हुए, राजेंद्र चौक, यादव चौक, अनवरपुर चौंक से डाक बंगला होते हुए अक्षयवट राय स्टेडियम पहुंची। जहां पर शिव बारात में शामिल बेहतरीन झांकियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आदर्श चेतना सेवा संस्थान दिग्घी खुर्द,हाजीपुर द्वारा दशानन रावण का शिवलिंग की पूजा करते हुए, रावण के साथ उनके अंगरक्षक भी मौजूद थे। वही दूसरी ओर राम, लक्ष्मण , हनुमान की भी झांकियां एक साथ शामिल हुई।रावण की भूमिका में शम्भू राय, राम की भूमिका में अनमोल राज, लक्ष्मण की भूमिका में अनीष कुमार शामिल हुए। संस्था सचिव रागिनी भारती के नेतृत्व में झांकियां निकाली गई। वहीं दूसरी ओर शिशु शिक्षालय कटरा से भारत माता की झांकी श्रेया रानी द्वारा प्रस्तुत की गई।

# यूएमआईएस पोर्टल से नही मिल पा रही है छात्रों को समुचित सुविधा

## छात्रों का हो रहा आर्थिक और मानसिक दोहन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। आधुनिकता की दुनिया में बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके यह पूरी तरह से कोशिश की जाती है लेकिन भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय ठीक उससे उल्टा चलता है। जब से विश्वविद्यालय ने यू एम आई एस पोर्टल की स्थापना की है। तब से छात्रों को सुविधा देने के नाम पर इसकी आर में उनका आर्थिक और मानसिक दोहन किया जाता है। जब भी विश्वविद्यालय द्वारा किसी फॉर्म भरने की तिथि जारी की जाती है तो निर्धारित तिथि के एक दो दिन के बाद ही पोर्टल खोला जाता है। इतना ही नहीं फॉर्म भरने की तिथि जारी करने के बाद छात्रों का भरा हुआ डिटेल के साथ ही पोर्टल खोला जाता है।

अगर उस दौरान कुछ गलत डिटेल भी भरा हुआ हो तो उसे सुधारने का ऑप्शन नहीं दिया जाता है। वहीं जब इस बात की शिकायत लेकर यू एम आई एस पोर्टल के कार्यालय में छात्र पहुंचते हैं तो उसे नोडल पदाधिकारी से आवेदन फॉरवर्ड करवा कर पांच सौ रुपए का चालान कटवाने के लिए कहा जाता है। तब उनकी उक्त समस्या का निदान करने की बात कही जाती है।

बीएसएस कॉलेज सुपौल के पीजी के छात्र मनीष जायसवाल का कहना है कि विश्वविद्यालय के द्वारा थर्ड सेमेस्टर में नामांकन की तिथि दी गई लेकिन उसका सही तरीके से सूचना नहीं देने के कारण अधिकांश छात्रों को नामांकन के बारे में पता नहीं चल सका जिस कारण वे अपना नामांकन कराने से वंचित रह गए और इसलिए वे सभी परीक्षा फॉर्म भी नहीं भर पाए। उन्होंने बताया कि वेबसाइट सही से काम नहीं करने के कारण कई छात्रों का पेमेंट खाता से कट जाने के बाद भी पेमेंट पेंडिंग शो कर रहा है। छात्रों को आए दिन बार – बार विश्वविद्यालय के यू एम आई एस पोर्टल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। केशव कुमार ने बताया कि यू एम आई एस पोर्टल से नामांकन लेने के समय दो बार पैसा काट लिया गया लेकिन अभी तक पैसा वापस नहीं किया गया है।

मन्नू कुमारी ने बताया कि बीए का मूल प्रमाण पत्र लेने के लिए चालान जमा किए हुए तकरीबन 6 महीना हो गया है लेकिन अभी तक मूल प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। चंदन कुमार ने बताया कि यू एम आई एस पोर्टल द्वारा जान बूझकर फॉर्म में कुछ न कुछ गलती कर दी जाती है और फिर सुधार करवाने के लिए पांच सौ रुपये का चालान कटवाने के बाद ही सही किया जाता है। बीएसएस कॉलेज सुपौल के ही पीजी के छात्र राहुल राज ने बताया कि उनका सत्र 2023-25 है, उन्होंने नया पंजीयन करवाया है. परीक्षा भी हो गई है, लेकिन अभी तक पंजीयन नंबर निर्गत नहीं हुआ है।

सोनू कुमार ने बताया कि वे पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2022-24 के छात्र हैं उन्होंने भी नया पंजीयन करवाया है, लेकिन यू एम आई एस द्वारा निर्गत किए गए विभिन्न डॉक्यूमेंट पर पंजीयन संख्या गलत अंकित कर दिया गया है। फर्स्ट सेमेस्टर के एडमिट कार्ड और मार्कशीट पर पंजीयन संख्या सही अंकित है, जबकि सेकंड सेमेस्टर के एडमिट कार्ड एवं मार्कशीट पर गलत पंजीयन संख्या अंकित कर दिया गया है और सुधार के नाम पर पैसे की उगाही की जाती है। इतना ही नहीं प्रमोटेड छात्र हो या रेगुलर, सभी से परीक्षा शुल्क एक जैसा ही लिया जाता है।

# श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर। आलमनगर प्रखंड के नरथुआ गांव में महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजन के अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा नर्थुआ महावीर मंदिर से होते हुए नर्थुआ नगर भ्रमण करते हुए डायनेज नदी पहुंची जहां वैदिको उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल के लिए निकले। इस दौरान कई टोला मोहल्ला होते हुए कलश शोभायात्रा कथा स्थल पर पहुंचे।

इस बाबत आयोजकों ने बताया कि महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर आज कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 1100 कुंवारी कन्या एवं नवविवाहितों ने भाग लिया वहीं प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के लिए दो मुख्य जजमान बनाए गए हैं।कलश शोयात्रा को भव्य बनाने के लिए डीजे बैंड पार्टी एवं कई घोड़ सवारों को शामिल किया गया था जो कलश शोभा यात्रा के आगे से चल रहे थे। आयोजको ने बताया कि आज से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आरंभ होगा जो 7 दिनों तक चलेगा।

# बुधमा में 20 एकड़ जमीन में बनेगा नया कारा मंडल भवन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा के बहुचर्चित लंबित परियोजनाओं पर लगी राज्य सरकार की मुहर, सदर प्रखंड के बुधमा स्थित 20 एकड़ जमीन में बनेगा नया कारा मंडल भवन, रैयतों से आपत्ति के लिए लोक सुनवाई का हुआ आयोजन, अधिकांश लोगों ने जाहिर की अपनी खुशी। दरअसल मधेपुरा में नए कारा मंडल भवन की निर्माण को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जमीन चिन्हित कर ली गई है। नए कारा मंडल भवन सदर प्रखंड अंतर्गत बुधमा स्थित सहरसा/पूर्णियां एनएच 107 के बगल में 20 एकड़ चिन्हित जमीन पर निर्माण होगा। संभावना व्यक्त की जा रही है कि जल्द ही उक्त चिन्हित जमीन का अधिग्रहण कर भवन निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।वहीं आज इस मामले को लेकर एमपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर में चिन्हित जमीन के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन हेतु लोक सुनवाई का आयोजन किया गया।जहां लोक सुनवाई में चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान,पटना के प्रतिनिधि सामिल हुए, जिसमें सामाजिक प्रभाव आकलन अध्ययन से संबंधित प्राप्त प्रारूप के प्रतिवेदन पर चर्चा भी की गई.वहीं इस दौरान अधिकांश रैयतों ने गांव में कारा मंडल भवन बनने पर अपनी खुशी भी जाहिर की। मधेपुरा में नया कारा मंडल भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के सामाजिक प्रभाव आकलन परियोजना से प्रभावित होने वाले 33 परिवार हैं,जिन्होंने बताया कि बेहतर नागरिक सुविधा की वजह से परियोजना से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे ।एसआईए टीम द्वारा किए गए लोक परामर्श में ग्रामीणों को अपनी जमीन देने में कोई एतराज नहीं है, बशर्ते कि समय पर मुआवजा दे दिया जाए।ज्यादातर प्रतिवादियों ने गांव में मुआवजा शिविर लगाकर मौजूदा दर मुआवजे की राशि त्वरित भुगतान की आवश्यकता पर बल दिया।वहीं बुधमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार ने कहा कि यह पिछड़ा इलाका है, यहां कारा मंडल भवन बनने से क्षेत्र का विकास होगा,साथ हीं रोजगार का नया सृजन भी होगा, इससे लोगों में काफी खुशी है। बता दें कि मधेपुरा को सन 1845 में अनुमंडल बनाया गया था तब ये भागलपुर जिले में पड़ता था और उत्तरी भागलपुर का इलाका कहलाता था।मधेपुरा जिला का स्थापना 9 मई 1981 को हुआ, किंतु आज तक अंग्रेजों के बनाए हुए अनुमंडल कारागार हीं है जहां क्षमता से अत्यधिक कैदियों को रखा जाता है जिससे काफी परेशानी होती है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूली बच्चों ने दिया अपने हुनर का परिचय

## प्रतियोगिता में शामिल बच्चे-बच्चियों को किया गया सम्मानित

मधेपुरा प्रात : किरण संवाददाता



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकला में प्रांगण रंगमंच द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थाकर्मियों द्वारा विद्यालय के बालक–बालिकाओं के बीच इंस्पायर इनक्लूजन थीम पर पेंटिंग, कविता और भाषण प्रतियोगिता कराई गई।

कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे–बच्चियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने हुनर का परिचय दिया। जिसके बाद विषय विशेषज्ञों की न्यायिक मंडल द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। प्रतियोगिता समापन के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही महिला शक्ति पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपने हक और अधिकार के लिए हमेशा आवाज बुलंद रखने का आह्वान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल बच्चे–बच्चियों को स्कूल के एचएम वृन्देश कुमार और मुख्य अतिथि वंदना घोष सहित अन्य शिक्षकों के हांथों सर्टिफिकेट और पाठ्य सामग्री से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो नेपाल यूथ गेम्स अंतरराष्ट्रीय सीरीज 2024 में गोल्ड मेडल जीतकर देश और जिले का नाम रोशन करने वाली बेटी कुमारी मुस्कान को भी ट्रैक शूट और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्य वंदना घोष ने कहा की हम महिलाएं अब किसी भी छेत्र मे पीछे नही रह गए है, अब महिलाएं और बेटियां सफलता की सीढियाँ चढ़ चुकी है और आसमाँ में अपना परचम फहरा रही है।

उन्होंने बताया कि एक समारोह में भारत की प्रथम महिला आईपीएस किरण बेदी से मिलने का मौका मिला। तब किरण बेदी जी ने उनसे पूछा कि आप यहाँ से क्या लेकर जा रही है, तो उन्होंने कहा कि आप ने जो सम्मान हम आधी आबादी को दिलाई है मैं वही शक्ति – सम्मान और उत्साह लेकर अपनी मातृ भूमि मधेपुरा जा रही हूँ, और हमारे समाज की हर बेटी किरण बेदी बनेगी। यह जब मैं आप की संदेश दूँगी, तो इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर प्रण ले की हम सब किरण बेदी है और उन्ही के तरह मजबूत बनेंगे।

स्कूल के एचएम श्री वृन्देश ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर इस दिवस को मनाया जाता है। प्रांगण रंगमंच पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी दिलखुश और अमित आनन्द ने कहा कि अपने अंदर की प्रतिभा हमें प्रतियोगिता में शामिल होने व सीखने से हीं मिलती है। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्टी आकाश यदुवंशी ने किया।

# सिंहेश्वर में महाशिवरात्रि मेला का कोसी प्रमंडलीय आयुक्त ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण जिला संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा के सिंहेश्वर में एक माह तक चलने वाले महाशिवरात्रि मेले का कमिश्नर ने उद्घाटन फीता काटकर किया।उन्होंने कहा – सिंहेश्वर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की है जरूरत। दरअसल मधेपुरा के सिंहेश्वर में महाशिवरात्रि के मौके पर प्रारंभ होकर एक माह तक चलने वाले मेले का आज विधिवत उद्घाटन हुआ।

कोसी प्रमंडल की कमिश्नर श्रीमती नीलम चौधरी ने पहले धन्यवाद गेट पर फीता काटकर व फिर मेला मंच पर दीप जलाकर महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन किया। बता दें कि उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमिश्नर ने कहा कि मिथिला क्षेत्र में शिव–पार्वती की पूजा की लंबी परंपरा रही है। हमारी संस्कृति में शिव के लिए बहुत तरह के रूपों की कल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि सिंहेश्वर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भी जरूरत है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।डीएम विजय प्रकाश मीणा ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते कहा कि महाशिवरात्रि पर सिंहेश्वर में प्रत्येक वर्ष व्यवहारिक रूप से लगभग एक माह तक मेला चलता है। शिवरात्रि के अवसर पर पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए यहां आते हैं। मेला में आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनोरंजन का लाभ उठाते हैं। इस मेला की पौराणिकता एवं श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार इसे राजकीय मेला घोषित करते हुए पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मेले की विधि व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। आमजन भी किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों के गतिविधियों की सूचना हमें देकर सहयोग कर सकते हैं। इससे पहले कार्यक्रम में स्वागत भाषण एसडीएम सह सिंहेश्वर मंदिर न्यास समिति के सचिव धीरज कुमार सिन्हा ने दिया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि मेले की गरिमा बनाए रखना हम सबों की जबाबदेही है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन एडीएम अरुण कुमार सिंह ने किया। जबकि मंच संचालन आलमनगर की बीपीआरओ समीक्षा झा ने किया।

# मारपीट की घटना में आठ लोग घायल, आगजनी में तीन घर जले

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज,मधेपुरा। प्रखंड क्षेत्र के गंगापुर में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों से कुल आठ लोग घायल हो गया। घायलों में एक पक्ष से जयप्रकाश यादव, सचित यादव, दिलचंद कुमार और दूसरे पक्ष से चंदेश्वरी यादव, सदानंद यादव ज्योतिष कुमार, संजीव कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया। इलाजरत एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर मवेशी बांधने वाले घर में आग भी लगाये जाने का आरोप लगाया। बताया कि जिसको बुझाने में गृह स्वामी चंदेश्वरी प्रसाद यादव का हाथ भी जल गया। सूचना के बाद अंचल से पहुंचे फायर ब्रिगेड तथा स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दो घर जलकर राख हो गया। मारपीट के बाद घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा मुरलीगंज सीएचसी लाया गया। जहां ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर जहानबाज आलम के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया गया। जिसमे तीन का सिर फूटा हुआ था, एक का हाथ फ्रेक्चर था तथा एक व्यक्ति आग से झुलसा हुआ था। चंदेश्वरी यादव के पुत्र संजीव कुमार ने बताया कि तीन कट्ठा जमीन उनके पिता चंदेश्वरी यादव तथा गोतिया सदानंद यादव तथा अभय कुमार के नाम से केवाला के द्वारा प्राप्त है। लेकिन सचित यादव तथा जयप्रकाश यादव और उसका गोतिया सब दिन फर्जी केवला दिखा कर धमकी तथा गाली गलौज करता है। मामला जनता दरबार में भी दिया था। और उनके पक्ष में फैसला भी है। जमीन का लगान रसीद भी उनके नाम से कटता है। पंचायत स्तर पर मामला का फैसला किया गया है और पंचायत के फैसले की लिखित जानकारी थाना को दिया गया है।वही दूसरे पक्ष के सचिदानंद यादव ने बताया कि जमीन विवादित है, टटाइल में मामला है, फिर भी दूसरे पक्ष के लोग जबरन घर बना लिया है। मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



मुरलीगंज( मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक को लेकर सुबह से हीं भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। विशेषकर शहर के कचहरी परिसर स्थित बाबा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, सेंट्रल बैंक समीप शिव मंदिर, थाना चौक स्थित शिव मंदिर, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, रेलवे स्टेशन परिसर स्थित मंदिर, जयरामपुर ब्रह्म स्थान, मीरगंज स्थित शिव मंदिर, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रामपुर में भारी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। वहीं प्रखंड मुख्यालय के जयरामपुर शिव मंदिर, थाना चौक स्थित शिव मंदिर, दुर्गा चौक शिव मंदिर, झील चौक, सेंट्रल बैंक समीप शिव मंदिर, रजनी, कोल्हायपट्टी डुमरिया, गंगापुर, जीतापुर, रामपुर, मीरगंज, जोरगामा सहित अन्य ग्रामीण शिवालयों में बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियों ने पूजा–अर्चना कर भगवान शिव से अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मंगा। प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी मंदिर प्रांगण में भव्य तरीके से शिव विवाह का भी आयोजन किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में स्थानीय कीर्तन मंडलियों द्वारा शिव भजन प्रस्तुत किया गया। बता दें कि शहर के कचहरी परिसर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर काफी प्राचीन है। साथ ही इसकी प्रसिद्धि दूर–दूर तक है। इसे भगवान शिव का नर्मदेश्वर रूप माना जाता है। श्रद्धालुओं ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन व्रत रखने वालों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर के पुजारी ने भी कहा कि भगवान शिव की आराधना करने से मरण तुल्य व्यक्ति भी जीवित हो जाता है। इसलिए भगवान शिव की आराधना करके हम मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं।

# भव्य शिवबारात के गाड़ीवान बने केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। महाशिवरात्रि के अवसर पर वैशाली जिले के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमरपड़ी ।नगर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हाजीपुर के बाबा पातालेश्वर नाथ मंदिर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई।

इस मौके पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था ।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय परिवार के साथ बाबा पातालेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना किया और शिव बारात के सारथी बनकर बैलगाड़ी हाँके। धोती कुर्ता पहने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने सबसे पहले बाबा पातालेश्वर नाथ के मूर्ति का पूजन अर्चन किया और महादेव का जय–जयकार लगाया ।उन्होंने कहा कि महादेव सभी की मनोकामना पूरी करते है ।भोलेनाथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आशीर्वाद बनाए रखें। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरु बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी भगवान शिव के भक्त हैं। सभी के जीवन में खुशहाली हमेशा बनी रहे ।केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे श्रेष्ठ नेता हैं। आज किसी ने भारत की ओर नजर उठाकर देखने की कोशिश की तो दुनिया के नक्शे से उसका नामोनिशान मिट जाएगा। नित्यानंद राय ने इस दौरान मीडिया से बताया कि वह छात्र जीवन से ही लगभग चालीस वर्षो से इस बारात में बैलों को हांककर बारात की अगवानी करते आ रहे हैं। हर साल वह इस समारोह में हिस्सा लेते हैं और केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भी वह इस परंपरा के निर्वहन के लिए यहां आए है। इस मौके पर हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और लोग उपस्थित थे। मंदिर न्यास समिति के द्वारा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय को सम्मानित किया गया ।बाबा पातालेश्वर नाथ मंदिर के भव्य शिव बारात में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ साथ–साथ चल रही थी तो शिव बारात देखने के लिए हाजीपुर शहर में 10 लाख से अधिक लोगों की भीड़ बारात के पथ पर घंटे खड़ी रही। शिव बारात में विभिन्न देवी देवताओं सहित अन्य प्रकार की 75 से अधिक झांकियां निकाली गई ।सैकड़ो की संख्या में भूत ,प्रेत पिशाच लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे थे ।मंदिर से निकलकर शिव बारात मस्जिद चौक, गुदरी रोड, राजेंद्र चौक, यादव चौक, अनवरपुर चौक , डाक बंगला होकर अक्षयवट स्टेडियम पहुंची जहां सभी बैंड पार्टियों और झांकियां तथा कलाकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया।

# मिशन सुरक्षा परिषद का राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऑनलाइन बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। मिशन सुरक्षा परिषद का राष्ट्रीय कार्यकारिणी कमेटी का ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर ने किया, वहीं संचालन युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड बिहार प्रभारी चंद्रहास यादव एवं रोहित ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक में सर्वप्रथम राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेंद्र रिंकू के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी किरण देव यादव ने विषय प्रवेश करते हुए समकालीन राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर कई प्रस्ताव रखें, जिसे सर्वसम्मति ध्वनि मत से पारित किया गया। राष्ट्रीय सचिव किरण देव यादव ने बहुजन नायक महापुरुषों के जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से सीख लेकर उनके बताए रास्ते पर चलने तथा उनके सपनों को साकार करने एवं बहुजनों के हक हकूक, अधिकार , राजनीति सहित हर क्षेत्र में पचासी प्रतिशत की भागीदारी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने हेतु मिशन सुरक्षा परिषद राष्ट्रीय संगठन को " पार्टी " बनाने–निर्माण करने, रजिस्ट्रेशन करने, लोगो–प्रतीक चिन्ह एवं नारा निर्धारित करने, सदस्यता अभियान चलाने, राष्ट्रीय राज्य जिला प्रखंड स्तरीय सभी प्रकोष्ठों का कार्यकारिणी कमेटी का पुनर्गठन करने, सभी राज्यों में एवं राष्ट्रीय कमेटी का फिजिकल बैठक जल्द करने, सभी महापुरुषों का जयंती पुण्यतिथि शहादत दिवस एवं क्रांतिकारी दिवस को मनाने, 15 मार्च को मान्यवर काशीराम का जयंती मनाने, 26 मार्च को मिशन सुरक्षा परिषद का सातवां स्थापना दिवस मनाने, का महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखें, जिसे सर्वसम्मति से सुझाव का सराहना करते हुए सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त कर प्रस्ताव को ध्वनी मत से पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए डॉक्टर अंबेडकर, पेरियार, ज्योतिबा फुले सरीखे महापुरुषों के सपनों को साकार करने एवं बहुजनों के सर्वांगीण अधिकार, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, मानसिक विकास हेतु सामाजिक क्रांति हेतु सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को तेज करने का आह्वान आम आवाम से किया। बैठक में सीटू दोहरे, एलसी पूनियां, वशिष्ठ भाटिया, , सुभाष चन्द्र, बलराम यादव, शाहिद खान, शशिकांत, आदि ने भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मतदाताओं को किया गया जागरूक

हाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैशाली समाज कल्याण संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सौजन्य से वैशाली जिले के सुल्तानपुर पचकठिया, पंचायत सादुल्लापुर धबौली, प्रखंड बिदुपुर के फंडामेंटल ऑफ साइंस इंस्टीट्यूट में किशोरियों के साथ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण, घरेलू हिंसा के ऊपर लड़कियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से समाज की कुरीतियों को उजागर किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं को बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल व्यापार एवं घरेलू हिंसा के बारे में बतलाया गया। समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जानकारी दी गई। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान का प्रयोग हो इसके बारे में एवं वोट के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत बेतन में राज संस्कृत उच्च विद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण में 02 सहायक शिक्षक को आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक, योग्यता-आचार्य, कोटि SC, 01 सहायक शिक्षक, योग्यता स्नातक विज्ञान समकक्ष कोटि-LR का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निर्बोधत डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
(2) उम्र सीमा : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों को न्यूनतम उम्र 21 अर्थ होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा नहीं होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।
(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
(6) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव
राज संस्कृत उच्च विद्यालय
बेतिया,पश्चिम चम्पारण

# स्लम बस्ती में महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण



पटना। लीगल ओपेरा एवं करुणा सिंधु संस्था के तरफ से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पटना के दिनकर गोलंबर के समीप स्लम बस्ती में सैकड़ों महिलाओं में निःशुल्क सैनेटरी पैड वितरित किया गया और बच्चों के बीच बिस्कुट एवं टॉफी वितरण किया गया ।लीगल ओपेरा के अध्यक्ष निरंजन कुमार ने महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य रखने के बारे में जानकारी दी गई ।उन्हें बताया गया कि शरीर स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या में परिवर्तन जरूरी है । सुबह अवश्य व्यायाम करें । पौष्टिक आहार लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वहीं करुणा सिंधु के अध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने महिलाओं को महिला का बीमारी उपचार एवं इसमें सैनिटरी पैड की उपयोगिता के बारे में बताया । वहीं संस्था की महिला टीम लीडर सोनालिका कुमारी ने कहा कि मासिक धर्म में स्वयं को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है । सभी महिलाओं का सैनिटरी पैड का प्रयोग करना चाहिए ।

# फूल तोड़ने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत

महनार। महनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद महनार के वार्ड 19 फतेहपुर कमाली में महाशिवरात्रि के दिन दर्दनाक घटना में कुएं में डूब कर दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई।दोनों लड़कियां महाशिवरात्रि के लिए फूल तोड़ने के लिए गई थी।इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गई।जिस कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।घटना को लेकर बताया गया कि कुआं में डूबने से नगर परिषद महनार के वार्ड संख्या 19 गाछी टोला फतेहपुर कमाली में कुआं में डूबने से सामोद पटेल की 9 वर्षीय पुत्री संजू कुमार एवं मुकेश कुमार साह की 10 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी की मौत हो गई।स्थानीय निवासियों ने शव को किसी प्रकार कुएं से निकालकर उसे अस्पताल पहुंचाया।लेकिन तब तक बच्चियों की मौत हो चुकी थी।घटना के संबंध में बताया गया कि महाशिवरात्रि के लिए दोनों लड़कियां फूल तोड़ने हेतु सुबह पांच बजे घर से निकली थी।जब वह ग्यारह बजे तक घर नहीं लौटी तो दोनों के स्वजन उसकी तलाश करने लगे।तलाश के दौरान ही उन दोनों का शव कुआं में तैरता हुआ मिला।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, शनिवार, 09 मार्च, 2024

सम्पादकीय

## सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है। भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है। इसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे-इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उससे पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन-देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक-साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए। वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे। दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

## ट्रंप एक परिघटना हैं

डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी व्यवस्था में जमीनी स्तर पर हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे हैं। राज्य-व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया है। इसीलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है।पहले से भी कोई शक नहीं था, लेकिन सुपर ट्यूजडे ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि डॉनल्ड ट्रंप अब अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के निर्विवाद नेता हैं। जिसे अमेरिकी राजनीति में ट्रंपिज्म (ट्रंपवाद) कहा जाता है, वही अब इस पार्टी की विचारधारा या पहचान है। सुपर ट्यूजडे को ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की उम्मीदवारी की होड़ में बचीं अकेली प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली पर एकतरफा जीत हासिल की।अमेरिकी चुनाव के क्रम में मार्च के पहले मंगलवार को सुपर ट्यूजडे कहा जाता है। इसका खास महत्त्व होता है, क्योंकि इस रोज एक साथ 15 राज्यों में प्राइमरी (उम्मीदवार चुनने के लिए मतदान) का आयोजन होता है। कहा जा सकता है कि इस वर्ष पांच मार्च को ट्रंप की उम्मीदवारी पर रिपब्लिकन पार्टी की मुहर लग गई है। अब यह लगभग तय है कि अगले पांच नवंबर को उनका सीधा मुकाबला राष्ट्रपति जो बाइडेन से होगा। अभी जो संकेत हैं, उनके मुताबिक तो उस मुकाबले में भी उनकी स्थिति का काफी मजबूत दिख रहा है। छह में से पांच स्विंग राज्यों के जनमत सर्वेक्षणों में वे बाइडेन से आगे चल रहे हैं ये वो छह राज्य हैं, जिन्होंने पिछले तीन चुनावों में पाला बदला है। उम्मीदवार चुनने की अब तक चली प्रक्रिया और ताजा जनमत सर्वेक्षणों से साफ है कि ट्रंप 2016 में अचानक एक उल्का की तरह सामने नहीं आ गए थे। बल्कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक जमीन में हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे। राज्य-व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया।चूंकि यह असंतोष अभी भी बढ़ता गया है, इसलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है। यानी अमेरिका में जो नए माली और सियासी हालात बने, उनकी वजह से ट्रंप जैसी चरमपंथी सोच जमीनी स्तर पर व्यापकता एवं गहराई हासिल करती चली गई है। इसके बीच डॉनल्ड ट्रंप अगर परिदृश्य से हट जाएं, तो संभव है कि उनसे भी ज्यादा चरमपंथी रुख वाला कोई नेता उभर आएगा। वैसे सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रंप के अभी परिदृश्य से गायब होने की कोई संभावना नहीं है।

## शिव और शक्ति के अभिसरण पर्व को महाशिवरात्रि कहते हैं


जितेन्द्र कुमार सिन्हा-

फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिव और शक्ति के अभिसरण का पर्व होता है, जिसे हमलोग महाशिवरात्रि के नाम से जानते है। शास्त्रों में महाशिवरात्रि का वर्णन शिव को समाधि से जाग्रत होकर सृष्टि लीला में प्रवृत होने तथा शिव पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य का माने तो शास्त्रों के अनुसार इस व्रत के करने से उन्हें एक हजार अश्वमेध यज्ञ एवं सौ वाजपेय यज्ञ के पुण्य फल की प्राप्ति होती है। भगवान पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन मध्य रात्रि में भगवान शिव लिङ्ग के रूप में प्रकट हुए थे और शिव लिङ्ग की पहलीबार पूजा भगवान विष्णु और ब्रह्माजी द्वारा की गयी थी। इसीलिए महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म दिन के रूप में भी जाना जाता है। शिवरात्रि व्रत प्राचीन काल से प्रचलित है। हिन्दु पुराणों में शिवरात्रि व्रत का उल्लेख हैं। शास्त्रों के अनुसार देवी लक्ष्मी, इन्द्राणी, सरस्वती, गायत्री, सावित्री, सीता, पार्वती और रति ने भी शिवरात्रि का व्रत किया था। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के बाद से प्रत्येक माह होने वाली शिवरात्रि को करने से मोक्ष की प्राप्ति होता है और अगर चार संकल्पों के साथ भगवान शिव की पूजा, रुद्रमंत्र का जप, शिवमंदिर में उपवास तथा काशी में देहत्याग का नियम के साथ पालन किया जाए तो मोक्ष अवश्य ही प्राप्त होता है। जो श्रद्धालु मासिक शिवरात्रि का व्रत करना चाहते है, वह इसे महाशिवरात्रि से आरम्भ कर सकते हैं और एक साल तक कायम रख सकते हैं। यह माना जाता है कि मासिक शिवरात्रि के व्रत को करने से भगवान शिव की कृपा द्वारा कोई भी मुश्किल और असम्भव कार्य भी पूरे किये जा सकते हैं। अविवाहित महिलाएँ इस व्रत को विवाहित होने हेतु एवं विवाहित महिलाएँ अपने विवाहित जीवन में सुख और शान्ति बनाये रखने के लिए करते है। आध्यात्मिक साधना के लिए उपवास करना अति आवश्यक होता है। इसलिए महाशिवरात्रि को जागरण कर शिवपुराण का पाठ सुनना चाहिए। रात्रि जागरण करने वाले भक्तों को शिव नाम, पंचाक्षर मंत्र अथवा शिव स्तोत्र का पाठ करते हुए जागरण करना चाहिए। संतों का कहना है कि पांचों इंद्रियों द्वारा आत्मा पर जो विकार छा जाता है वह जागृत हो जाता है। शिवपुराण के अनुसार, महादेव के क्रोध की ज्वाला को शान्त करने के लिए बेलपत्र से शिवलिंग पर पानी छिड़कने और उन्हें ठंडे जल से स्नान कराना चाहिए। शुभ जागृत करने के लिए शिवलिंग पर चन्दन लगाना चाहिए, कष्ट और दुःख दूर करने के लिए धूप जलाना चाहिए, अज्ञानता के अंधेरे को मिटा कर शिक्षा की रौशनी प्रदान करने के लिए दिया जलाना चाहिए। भगवान शिव के लिए उपवास रखने के संदर्भ में मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय हलाहल नामक विष पैदा हुआ था। हलाहल विष में ब्रह्मांड को नष्ट करने की क्षमता थी और भगवान शिव ने हलाहल नामक विष को अपने कंठ में रख लिया था। जहर इतना शक्तिशाली था की जहर से उनका गला नीला हो गया था और वह छ्नीलकंठछ कहलाए। जहर के प्रभाव को खतमकरने के लिए चिकित्सकों ने भगवान शिव को रात भर जागते रहने की सलाह दी। भगवान शिव का आनंद लेने और जागने के लिए, देवताओं ने अलग-अलग नृत्य और संगीत बजाने लगे। इसप्रकार हलाहल विष से भगवान शिव ने दुनिया को बचाया। तब से भक्त उपवास रखते है।

# बहुसंख्यकवादी राष्ट्रवाद: वैज्ञानिक समझ का नकार

**दीनानाथ बत्रा नाम के एक सज्जन आरएसएस के दो अनुषांगिक संगठनों, शिक्षा बचाओ अभियान समिति एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कई दशकों से अध्यक्ष हैं। उन्होंने 9 किताबें लिखी हैं। इन सभी का गुजराती में अनुवाद कर उन्हें गुजरात के 42,000 स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है। इन पुस्तकों को पढ़कर हम यह जान सकते हैं कि बच्चों को इन दिनों क्या सिखाया जा रहा है। इनमें से एक पुस्तक जिसका शीर्षक है ह्वतेजोमय भारतह्ल में एक कोई डॉक्टर बालकृष्ण गणपत मातापुरकर के अनुसंधान की कहानी सुनाई गई है। हमें बताया गया है कि मातापुरकर जी महाभारत में कही गई बातों पर अनुसंधान करते हैं। उनके अनुसार गांधारी के गर्भ से माँस का एक बड़ा लोथड़ा निकला। इस पर ऋषि द्वापायन व्यास को बुलाया गया। उन्होंने माँस के इस कड़े लोथड़े का अवलोकन किया फिर उन्होंने उसे ठंडे पानी में कुछ विशिष्ट दवाओं के साथ रख दिया। कुछ समय बाद उन्होंने इस लोथड़े के 100 टुकड़े किए और उन्हें दो साल की अवधि के लिए घी से भरे हुए 100 मटकों में रख दिया। दो साल बाद इन टुकड़ों से 100 कौरवों का जन्म हुआ। पुस्तक हमें बताती है कि इस विवरण को पढ़ने के बाद मातापुरकर को यह समझ में आया कि स्टेम सेल टेक्नोलॉजी महाभारत काल में मौजूद थी और यह हमारी प्राचीन विरासत का हिस्सा है। उनके अनुसार, भारतीय ऋषि अपनी योग विद्या का इस्तेमाल कर दिव्य दृष्टि प्राप्त कर लेते थे और यही आज का टेलीविजन है। महाभारत में संजय, हस्तिनापुर के एक महल में बैठकर अपनी दिव्य दृष्टि से कुरूक्षेत्र में चल रहे महाभारत के युद्ध का आंखो-देखा हाल धृतराष्ट्र को सुनाता था, जो कि अंधे थे (पृष्ठ 64)।**





**राम पुनियानी-**
**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

हिन्दू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी के पिछले एक दशक से चले आ रहे शासन के दौरान हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे परिवर्तन किए गए हैं जो आस्था पर अधिक आधारित हैं और तर्क पर कम। ये परिवर्तन ऐसे हैं जो अतीत का महिमामंडन करते हैं और वैज्ञानिक सोच का नकार। तथ्य यह है कि भारत में प्राचीन काल से ही तार्किकता को महत्व दिया जाता रहा है। चार्वाक तार्किकता पर आधारित सोच के बड़े पैरोकारों में से एक थे। चरक और आर्यभट्ट ने चिकित्सा विज्ञान और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मगर आज जो दावे किए जा रहे हैं उनका सच्चाई से कोई संबंध नजर नहीं आता। जैसे हमें बताया जा रहा है कि प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी थी और इसी का उपयोग कर मनुष्य के धड़ पर हाथी का सिर लगाकर भगवान गणेश का सृजन किया गया था। इसी तरह हमें बताया जाता है कि कर्ण के कान से पैदा होने की कथा से यह स्पष्ट है कि प्राचीन भारत में जेनेटिक साईन्स भी थी। यह भी बताया जाता है कि हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि हवा में उड़ सकते थे और यह भी कि प्राचीन काल में पुष्पक विमान थे। कहा तो यहाँ तक जाता है कि प्राचीन भारतीय दूसरे ग्रहों पर भी जाते थे। धर्मग्रन्थों में जो कुछ कहा गया है उसे सही और सच सिद्ध करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसी चीजें स्कूलों में तो सिखाई ही जा रही हैं उन पर अनुसंधान के लिए बजट भी आवंटित किया जा रहा है। यह बजट विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए निर्धारित धनराशि में से उपलब्ध करवाया जा रहा है। आईआईटी दिल्ली के समन्वय में पंचगव्य पर अनुसंधान हो रहा है। पंचगव्य, गाय के पाँच उत्पादों का मिश्रण होता है-दूध, दही, घी, गौमूत्र एवं गोबर। ऐसा कहा जाता है कि पंचगव्य से कई रोगों का इलाज हो सकता है। गौमूत्र को भी दवा बताया जा रहा है। भाजपा सरकार आने के पहले भी पार्टी के पितृसंगठन आरएसएस ने आस्था पर आधारित ज्ञान के प्रसार के लिए कई संगठन गठित किए थे। दीनानाथ बत्रा नाम के एक सज्जन आरएसएस के दो अनुषांगिक संगठनों, शिक्षा बचाओ अभियान समिति एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कई दशकों से अध्यक्ष हैं। उन्होंने 9 किताबें लिखी हैं। इन सभी का गुजराती में अनुवाद कर उन्हें गुजरात के 42,000 स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है। इन पुस्तकों को पढ़कर हम यह जान सकते हैं कि बच्चों को इन दिनों क्या सिखाया जा रहा है। इनमें से एक पुस्तक जिसका शीर्षक है ह्वतेजोमय भारतह्ल में एक कोई डॉक्टर बालकृष्ण गणपत मातापुरकर के अनुसंधान की कहानी सुनाई गई है। हमें बताया गया है कि मातापुरकर जी महाभारत में कही गई बातों पर अनुसंधान करते हैं। उनके अनुसार गांधारी के गर्भ से माँस का एक बड़ा लोथड़ा निकला। इस पर ऋषि द्वापायन व्यास को बुलाया गया। उन्होंने माँस के इस कड़े लोथड़े का अवलोकन किया फिर उन्होंने उसे ठंडे पानी में कुछ विशिष्ट दवाओं के साथ रख दिया। कुछ समय बाद उन्होंने इस लोथड़े के 100 टुकड़े किए और उन्हें दो साल की अवधि के लिए घी से भरे हुए 100 मटकों में रख दिया। दो साल बाद इन टुकड़ों से 100 कौरवों का जन्म हुआ। पुस्तक हमें बताती है कि इस विवरण को पढ़ने के बाद मातापुरकर को यह समझ में आया कि स्टेम सेल टेक्नोलॉजी महाभारत काल में मौजूद थी और यह हमारी प्राचीन विरासत का हिस्सा है। उनके अनुसार, भारतीय ऋषि अपनी योग विद्या का इस्तेमाल कर दिव्य दृष्टि प्राप्त कर लेते थे और यही आज का टेलीविजन है। महाभारत में संजय, हस्तिनापुर के एक महल में बैठकर अपनी दिव्य दृष्टि से कुरूक्षेत्र में चल रहे महाभारत के युद्ध का आंखो-देखा हाल धृतराष्ट्र को सुनाता था, जो कि अंधे थे (पृष्ठ 64)। पुस्तक हमें यह भी बताती है कि आज जिसे हम मोटर कार कहते हैं वह वैदिक काल में मौजूद थी और उसे अनश्व रथ (अर्थात बिना अश्व वाला रथ) या यंत्र रथ कहा जाता था। ऋग्वेद में इसका वृतांत दिया गया है (पृष्ठ 60)। आरएसएस ने एक परामर्शदात्री संस्था का गठन भी किया है जिसे भारतीय शिक्षा नीति आयोग कहा जाता है। इस आयोग की नीतियाँ ही मोदी सरकार के भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार के प्रयासों का आधार हैं। शिक्षा नीति आयोग, भारत की शिक्षा व्यवस्था का भारतीयकरण करना चाहता है। अब तो भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) आदि के मुखिया ऐसे लोग हैं जिनका इन संस्थाओं के कार्यक्षेत्र से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें ये पद केवल इसलिए दिए गए हैं क्योंकि वे सत्ताधारी दल की विचारधारा में यकीन रखते हैं। वाई. सुदर्शन नाम के एक ह्वविद्वानह्ल को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद का मुखिया बनाया गया था। वे यह साबित करने पर आमादा थे कि हमारे महाकाव्य रामायण और महाभारत ऐतिहासिक घटनाक्रम का वर्णन करते हैं। मतलब यह है कि जो महाभारत और रामायण में लिखा गया है वह सचमुच हुआ था। इस सरकार में तार्किक सोच और वैज्ञानिक पद्धति के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार बाबा रामदेव को जमकर बढ़ावा दे रही है। बाबा रामदेव की कंपनी द्वारा बनाई गई एक दवा कोरोनिल को कोविड-19 का इलाज बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अभी हाल में रामदेव को चेतावनी दी है कि वे अपने विज्ञापनों में हवाई दावे न करें और दूसरी चिकित्सा पद्धतियों को कटघरे में खड़ा न करें। पिछले कुछ सालों से भारतीय विज्ञान कांग्रेस प्रकाशन के लिए ऐसे शोध प्रबंध स्वीकार कर रही है जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है और जो केवल पौराणिक कथाओं पर आधारित हैं। इस स्थिति से व्यथित होकर कुछ प्रमुख वैज्ञानिकों ने एक साथ मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है, जिसमें सरकार से यह अनुरोध किया गया है कि वह वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक पद्धतियों को कमजोर करने से बाज आये। वैज्ञानिकों का कहना है कि सरकार का यह दृष्टिकोण उसके द्वारा अवैज्ञानिक एवं अपुष्ट दावों को बढ़ावा देने, भारत के प्राचीन ज्ञान को बढ़ाचढ़ाकर बताने और कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए कुछ निर्णयों से स्पष्ट है। वक्तव्य में इस बात पर जोर दिया गया है कि वैज्ञानिक, शिक्षाविद और नीति निमार्ता एक साथ मिलकर विज्ञान के प्रति निष्ठा में क्षरण को रोकने व देश में वैज्ञानिक सोच और तार्किक व साक्ष्य-आधारित आख्यान को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। हमारा संविधान राज्य से यह अपेक्षा करता है कि वह वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा दे। मगर वर्तमान सरकार की नीतियाँ, तार्किकता पर आधारित नहीं हैं। यह बात न केवल विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान वरन् शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र के बारे में भी सही है। नई शिक्षा नीति 2020 में ह्वभारतीय ज्ञान प्रणालियोंह्ल पर जोर दिया गया है। इसका मतलब केवल यह है कि सरकार भौतिक व सामाजिक विज्ञानों में आस्था पर आधारित ज्ञान को बढ़ावा देगी। वे लोग जो समाजिक समानता चाहते हैं और सामाजिक परिवर्तन के हामी हैं, हमेशा से तार्किक व वैज्ञानिक सोच के पैरोकार रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगत सिंह, अम्बेडकर और नेहरू इसके उदाहरण हैं। भारत का इतिहास गवाह है कि जो लोग सामाजिक रिश्तों में यथास्थिति बनाये रखना चाहते थे, जो लोग असमानता को बनाए रखना चाहते थे, वे आस्था पर आधारित ज्ञान को बढ़ावा देते थे, पौराणिक कथाओं को ध्रुवसत्य बताते थे और आस्था पर आधारित ज्ञान को समाज पर थोपते थे। साम्प्रदायिक और कट्टरवादी तत्व टेक्नोलॉजी को पसंद नहीं करते। वे वैज्ञानिक और तार्किक सोच के भी विरोधी होते हैं। हमारा संविधान औपनिवेशिक सत्ता के विरूद्ध संघर्ष से उभरा था और इसके निमार्ता समाज में बदलाव के हामी थे। इसलिए संविधान में वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सरकार पर डाली गई है। हमारी वर्तमान सरकार, धार्मिक, जातिगत और लैंगिक समानता की विरोधी है। यही कारण है कि वह संविधान की मूल आत्मा के खिलाफ है।

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता?

**आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। देयर इज नो ऑल्टरनेटिवइ यानी टीनाइ फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है। अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिवइ यानी सीटा बनाम टीनाइ फैक्टर की चर्चा थी।**





**अजीत द्विवेदी-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है।मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं?आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। देयर इज नो ऑल्टरनेटिवइ यानी टीनाइ फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है। अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिवइ यानी सीटा बनाम टीनाइ फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। शाइनिंग इंडियाइ और फीलगुडइ के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है। आंखों के सामने परदा डाल देती है। तकनीक, आंकड़ों और मोदी के निजी करिश्मे से भाजपा की टीम ऐसा नैरेटिव बना रही है कि हैरानी नहीं होगी अगर सचमुच भाजपा नेता इस भरोसे में बैठे हों कि चुनाव जीत रहे हैं।अगर ऐसा भरोसा है तो यह अति आत्मविश्वास नहीं, बल्कि उससे आगे की चीज है। इसे अहंकार कह सकते हैं। यह जनता और मतदाताओं को फॉर गारंटेड लेने या अपना पिछलग्गू मानने की सोच है। चुनाव प्रचार में किसी पार्टी द्वारा जीत का दावा करने और मंत्रिपरिषद की बैठक करके अपनी जीत की गारंटी बताने के बीच के फर्क को समझने की जरुरत है। पार्टियां चुनाव प्रचार में बड़ी से बड़ी जीत का दावा करती हैं, भरोसा जताती हैं, आत्मविश्वास दिखाती हैं लेकिन जब सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक करके अगली सरकार का एजेंडा तय किया जाए तो उसे आत्मविश्वास नहीं कहेंगे। यह अति आत्मविश्वास से भी आगे की चीज है।तो क्या यह माना जाए कि प्रधानमंत्री मोदी में अहंकार आ गया है और वे मतदाताओं को फॉर गारटेंड मान रहे हैं? अगर ऐसा है तो फिर वोट मांगने जाने की भी क्या जरुरत है या मतदाता मालिकों के आगे सिर झुकाने, उन्हें अपना परिवार बताने और उनसे तीसरा मौका देने का अनुरोध करने की क्या जरुरत है? जाहिर है असलियत वह नहीं है, जो दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जो दिन-रात एक किए हुए हैं वह अलग कहानी बयां कर रही है। उससे ऐसा लग रहा है कि तीसरी बार की जो मुश्किलें होती हैं उनका सामना पार्टी कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों को चुनौतियों का अंदाजा है। भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार नहीं आए इसके लिए कांग्रेस सहित विपक्ष की हर पार्टी तोड़ी जा रही है।

# न्यायपालिका में भी दीमक लगने लगी

एल.एस. हरदेनिया-

पहले से ही दल-बदल चुनावी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करने पर आमादा है। इसी बीच न्याय के क्षेत्र में एक ऐसी घटना हुई है जिसने उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के एक जज ने एक ऐसा कार्य किया है जो पूरी तरह अक्षम्य है। जज के पद पर रहते हुए वे एक राजनीतक पार्टी के लगातार संपर्क में रहे। ये जज हैं अभिजीत गंगोपाध्याय। हाईकोर्ट से इस्तीफा देते हुये उन्होंने यह स्वीकार किया कि पिछले एक सप्ताह वे लगातार भारतीय जनता पार्टी के संपर्क में हैं। इस्तीफा देते हुये उन्होंने घोषणा की कि वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं और पार्टी में रहेंगे भले ही उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये टिकट मिले या नहीं। इस्तीफा देते हुये उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भरपूर तारीफ की और कहा कि वे एक अच्छे इंसान हैं और उनके नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है। न्यायपालिका के सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्ण रूप से अलग-थलग रहे। उनका सामाजिक दायरा अदालत से घर और घर से अदालत तक सीमित रहना चाहिये। गंगोपाध्याय का व्यवहार इसके ठीक विपरीत रहा। पिछले कुछ दिनों से वे एक राजनीतिज्ञ की तरह बात कर रहे थे। अभिजीत से पहले भी अनेक जजों ने त्यागपत्र देने के बाद राजनीति में प्रवेश किया है। वर्षों पहले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुब्बाराव ने इस्तीफा देकर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने राज्यसभा की सदस्यता स्वीकार की थी। इसके अतिरिक्त भी अनेक न्यायाधीश राजनीति में प्रवेश कर चुके हैं। परंतु वे जब तक न्यायाधीश के पद पर थे तब तक उन्होंने यह अहसास नहीं होने दिया कि वे राजनीति में प्रवेश करने वाले हैं। यह काम सिर्फ अभिजीत गंगोपाध्याय ने किया है। उनके अनुसार वे राजनीति में इसलिए शामिल हो रहे हैं क्योंकि ममता बेनर्जी के शासन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ममता का इतना आतंक है कि लोग भ्रष्टाचार के मामले लेकर अदालत नहीं आ रहे हैं। इसलिये मैंने दूसरा रास्ता अपनाया है। इसके बावजूद न्यायालयीन क्षेत्र के लोग अभिजीत द्वारा उठाये गये कदम को उचित नहीं मान रहे हैं। समस्या कुछ भी हो जजों को उसका हल कानून के रास्ते से निकालना चाहिये। अनेक पूर्व जजों और वरिष्ठ वकीलों ने अभिजीत के कदम को न्यायालयीन परंपरा के विरूद्ध माना है। मेरी भी मान्यता है कि यदि जज पद पर रहते हुये राजनीति करने लगेंगे तो यह प्रजातंत्र को कमजोर करेगा। प्रजातंत्र में पक्षपात स्वाभाविक है परंतु न्यायपालिका तो दूध का दूध और पानी का पानी करती है। यदि जज पक्षपाती होने लगेंगे तो यह नागरिकों के लिये बहुत खतरनाक होगा। इस मामले में राजनीतिक पार्टियों का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण रहा। भाजपा खुलेआम अभिजीत का समर्थन कर रही है। भाजपा ने यह भी स्वीकार किया कि अभिजीत उसके संपर्क में थे। बंगाल भाजपा के अध्यक्ष ने तो यहाँ तक कह डाला कि यदि अभिजीत के समान लोग राजनीति में आते हैं तो यह देश के हित में रहेगा। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने अभिजीत को भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ने वाला योद्धा बताया। यदि वे कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत होगा। परंतु यदि वे भाजपा में जाते हैं तो सिद्धांतः उनका समर्थन नहीं कर पायेंगे। एक समय चौधरी ने यह भी कह डाला कि यदि अभिजीत जैसे व्यक्ति बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो वे इसका स्वागत करेंगे।

# अरवल जिला अधिकारी ने सद्भावना सरोवर तालाब का जीर्णोद्वार का किया शिलान्यास

● सद्भावना सरोवर तालाब का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत रोजापर वार्ड नंबर 11 में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सद्भावना सरोवर तालाब का जीर्णोद्वार का शिलान्यास किया गया। सद्भावना सरोवर तालाब का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। सद्भावना तालाब का जीर्णोद्वार हो जाने पर वार्ड नंबर 11 की जनता को छठ पूजा करने मोथा या जनकपुर धाम जाना पड़ता था। वार्ड नंबर 11 की जनता को छठ पूजा करने दूर नहीं जाना पड़ेगा। सद्भावना सरोवर तालाब की उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी अरवल वर्षा सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना कुमारी, उपाध्यक्ष जमीला खातून, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अरवल श्री दिनेश पूरी आदि ने किया।



# महिला दिवस पर महिलाओं ने थाना परिसर में काटा केक

● इस दिन दुनिया भर की महिलाओं के अधिकारों और उपलब्धियों के सम्मान के रूप में याद किया जाता है

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को दुनिया भर की महिलाओं के अधिकारों और उपलब्धियों का सम्मान के रूप में याद किया जाता है. दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है. ये खास दिन पिछले लगभग एक सदी से मनाया जा रहा है. इस दिन दुनिया भर की महिलाओं के अधिकारों और उपलब्धियों के सम्मान के रूप में याद किया जाता है. ऐसे में इस अवसर पर शेरघाटी थाना परिसर में महिला एसआई शिवानी कुमारी, एवं रागनी कुमारी समेत नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रिया कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से केक काटा-जानकारी के मोताबिक इसकी शुरूआत 20वीं सदी में यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में बढ़ते महिला आंदोलनों के बाद किया गया। जिसका श्रेय आंदोलनजीवी महिलाओं को दिया जाता है। ये आंदोलन लगभग 116 साल पहले साल 1908 में किया गया था. दरअसल, न्यूयॉर्क शहर में हजारों की संख्या में महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर परेड निकाली थी. इस आंदोलन में ये महिलाएं महिलाओं के काम के घंटों में कमी, काम करने पर अच्छी सैलेरी और वोट डालने के अधिकार की मांग कर रही थी. तब से विश्वभर में महिला दिवस 08 मार्च को मनाया जाता है. इसकी खास वजह ये है कि इसी दिन अमेरिका के महिलाओं ने अपने अधिकारों के मांग की लड़ाई शुरू की थी. बाद में सोशलिस्ट पार्टी द्वारा इस दिन को महिला दिवस मनाने का ऐलान किया गया था. फिर इसके बाद यूरोप की महिलाओं ने भी बाद में 8 मार्च को रैलियां निकाली. इसके बाद साल 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने के लिए मान्यता दिया गया था। तब से यह महिला दिवस मनाया जाता रहा है। उक्त दौरान एसआई बालिस्टर राम ने महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मनित किया। उक्त अवसर पर जयराम सिंह,बद्री चौधरी,अभान्स कुमार,संतोष राम आदि कई महिला पुलिस कर्मी एवम पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने शराब कारोबारी को पकड़कर भेजा जेल

शेरघाटी। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर प्रखंड के बिशनपुरा गांव में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब बरामद किया है. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से शराब का धंधा चल रहा है. पुलिस ने गांव में छापेमारी कर संदीप कुमार के घर से 24 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है. उन्होंने बताया कि इस क्रम में धंधेबाज पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया. पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। विद्युत विभाग के टीम के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध शेरघाटी में इन दोनों लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है. गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिकारीयों ने प्रखंड के सलैया गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से बाईपास कर बिजली का उपयोग करते तीन उपभोक्ताओं को पकड़ा है. तीनों उपभोक्ताओं क्रमशः रामाश्रय यादव के विरुद्ध छः हजार तीन सौ रुपए, संतु यादव के खिलाफ 12 हजार एवं राजेश यादव के विरूद्ध 34 हजार रूपए जुमार्ना के साथ मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में कहा गया है, कि उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपयोग किए जाने के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा था. इधर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है.

### 5 हजार श्रद्धालुओं ने किया पूजा अर्चना

करपी,अरवले जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां शिव मंदिर में भारी संख्या में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं भक्त पहुंचकर पूजा अर्चना कियो सुबह से शिवालय में पवित्र जल लेकर लोग हर-हर महादेव का नारा लगाते हुए शिवालय पहुंचे। शिव मंदिर परिसर में करीब 50000 से अधिक श्रद्धालुओ भक्तों ने पूजा अर्चना किया है `मंदिर प्रबंधक एवं समाजसेवी के द्वारा शिवालय को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर के चारों तरफ लाइट से सजाया गया था जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव बारात निकली। वही इस बारात में गाजे बाजे के साथ रथ इंतजाम किया गया था जिस पर भोलेनाथ, पार्वती, हनुमान बने थे जहाँ गाजे बाजे के साथ रथ पर बैठाकर मधुश्रवां शिव मंदिर से मेहंदिया बाजार भ्रमण करवाया गया।

# विश्व महिला दिवस के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के आदेशानुसार एवं जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के मार्गदर्शन एवम सचिव आशीष कुमार अग्निहोत्री के सफल देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय सभाकक्ष में विश्व महिला दिवस के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को समान हक सम्मान को लेकर जागरूक किया एवं लैंगिक समानता की जानकारी बताया गया है। इसके साथ ही विश्व महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकार, समानता का अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम ऐसिड अटैक, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, छेड़छाड़, दहेज हत्या, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम, टोनही प्रताडना अधिनियम धारा 125। भरण प्रोषण अधिनियम, लड़के-लड़कियों के साथ होने वाले अपराध के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। इस कार्यकम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारीगण के अलावा पैनल अधिवक्ता कुमारी सुमन सिंह, विभा सिन्हा,शकुंतला कुमारी ,सरोज कुमारी, सनुपम सिन्हा, पीएलवी मधु देवी, सचित कुमारी, रंजू कुमारी, रिजवाना परवीन, हीरा देवी तथा अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शेरघाटी थाने के महिला पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटीःअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर के.के कम्प्टेटिव क्लासेज द्वारा शुक्रवार को शेरघाटी थाना परिसर में महिला पुलिस कर्मियों को अंगवस्त्र एवं गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। वही इस मौके पर के.के कम्प्टेटिव क्लासेज के संस्थापक कुंदन कुमार एवम छात्रों ने महिला पुलिस कर्मी एस आई शिवानी कुमारी,ज्योति कुमारी,सलोनी कुमारी,प्रिया कुमारी,नेहा कुमारी को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया।

## श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

वंशी,अरवल। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र के शेरपुर गांव में श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने फेरी में शामिल हुए, महायज्ञ से क्षेत्र में भक्ति की बयार बह गई, श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हजारों की संख्या में महिला पुरुषों श्रद्धालुओं शामिल हुए . महायज्ञ में श्रद्धालुओं को सेवा में कमिटी के कार्यकताओं जुटे हुए हैं. यज्ञ स्थल एवं मंच को आकर्षक ढंग से सजाया गया है.श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में शनिवार को शिव विवाह महामहोत्सव का आयोजन होगी . इस मौके पर जुगल किशोर मिश्रा अनिल दुबे नागेंद्र मिश्रा अमोद कुमार तिवारी सुशील तिवारी शशि भूषण तिवारी शिवम कुमार मनीष कुमार शशिकांत मिश्रा विकास पंडित मनोज कुमार सुनील कुमार समेत गण्य मान्य लोग उपस्थित हुए।

## बाबा दूधेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात :किरण संवाददाता



अरवल। औरंगाबाद अरवल जिले के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ की नगरी देवकुण्ड में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी ! मंदिर को आकर्षक लाइट और फूलों से सजाया गया है ! महंत कन्हैया नंदपुरी ने बताया कि सुबह से हीं कतारबद्ध होकर श्रद्धालु गण भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना कियें ! हर हर शंभू शिव शंभू,भोले बाबा की जय जैसे जयकारो से पुरा दिन देवकुण्ड में गूँजता रहा ! खासकर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक देखी गई ! जगह-जगह पुलिस प्रशासन बैरिकेट्स लगाकर सुरक्षा चाक चौबंद करने में लगें रहें ! लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र सहस्त्रधारा कुंड में स्नान कर पूजा अर्चना कियें ! बता दें कि देवकुण्ड तीर्थ स्थल का अपना एक अलग ही पहचान है ! यहाँ नीलम के पत्थर का शिवलिंग है ! और महान तपोऋषि च्यवन ऋषि का मठ भी है ! जिले के अलावा दूसरे राज्यों, जिले से भी लोग यहाँ आते हैं ! ग्रामीणों की मानें तो यहाँ की महिमा अपरंपार है !

## दलित बस्ती में सरकार की योजना बताई गई

गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बिहार प्रदेश प्रवक्ता सविनय पासवान ने अनेको दलित बस्ती में जाकर लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अनेको योजनाओं गरीबों और किसानों के लिए चलाया जा रहा है जैसे में प्रधानमंत्री जन धन योजना,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजन,प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना,प्रधानमंत्री किसान विकास योजना,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, इस तरह का अनेको योजना चलाया जा रहा है सम्पर्क अभियान में लोगों ने प्रधानमंत्री को बधाई दिया है।

## इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया ने मनाई अंतर्राष्ट्रीय दिवस

### जरुरतमंद महिला को दी सिलाई मशीन

प्रात: किरण संवाददाता




बोधगया-इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया ने महिलाओं को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया है। इस मौके पर जरूरतमंद महिला रिंकू को सिलाई मशीन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने मे सहयोग किया है। रिंकू अब कपड़े सिलकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेंगी. डॉ. वीणा पाठक ने रिंकू को कम्बल भी दिया है। इस मौके पर इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया की प्रेसिडेंट रीमा देवी, वाइस प्रेसिडेंट पूनम गुप्ता, सेक्रेटरी डॉ. वीणा पाठक, आईपीपी हर्षा सिन्हा, सीसीसी सरिता वर्मा, संपादक आशा चौहान,पीपी वीणा सिन्हा सदस्य गोपा एवं प्रेमशीला आदि मौजूद थीं।

# महिला दिवस के मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो

अरवल। राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार और मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालय की 10 महिला शिक्षिका को सम्मानित किया गया। वही विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाएं घर को स्वर्ग बनाती है महिलाओं का सम्मान देवी देवताओं के रूप में किया जाना चाहिए। महिला जीवन के सूत्रधार है बच्चों के साथ-साथ बड़ों का भी ख्याल रखने में महिलाओं का अहम योगदान होता है। विद्यालय में शिक्षिका के तौर पर तैनात महिलाएं बच्चों की भविष्य की रूपरेखा तय करते हैं हमेशा महिलाओं का सम्मान करना चाहिए उनके आदर सत्कार में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अलीशा कुमारी, आयसा कुमारी, प्रीति कुमारी अमीषा इशरत रिंकी कुमारी सोनम कुमारी मिस्सी कुमारी समेंत विद्यालय की महिलाएं एवं छात्र-छात्र उपस्थित हुए।

# किंग्स कुर्ता हाउस का हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



गया शहर के जीबी रोड स्थित चौधरी कंपाउंड में किंग्स कुर्ता हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया गया है। किंग्स कुर्ता हाउस का उद्घाटन एसएम गुरफान के द्वारा किया गया. यहां सीक्वेंस समेत अनेक कंटेंट ब्रांडेड के कुर्ता पायजामा उपलब्ध है. किंग्स कुर्ता हाउस के प्रोपराइटर एसएम. इसरार पुटून और एसएम गुरफान ने बताया कि आज किंग्स कुर्ता हाउस का उद्घाटन किया हुआ है। यहां पर 250 सौ रुपए से लेकर 5000 तक का कुर्ता पायजामा उपलब्ध है।मार्केट से थोड़ा हटकर जीबी रोड चौधरी कंपाउंड के परिसर में किंग्स कुर्ता हाउस खुला है, इसलिए हमने ग्राहको के लिए उचित दाम रखे हैं, ताकि ग्राहक यहां आए और एक बार यहां से अच्छी डिजाइनिंग से प्रभावित होकर हमेशा के लिए ग्राहक बने. यहां शादी विवाह के हल्दी, मेहंदी, ईद और होली के लिए एक से बढ़कर एक कुर्ता पायजामा उपलब्ध है।

## तीन शिवाला मंदिर परिसर से निकाला गया शिव पार्वती की बाराती

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शेरघाटी शहर के तीन शिवाला मंदिर के प्रांगण से निकाला गया भगवान शिव की बारात यह बारात शहर के मुख्य मार्ग होते हुए राम मंदिर से रमना मोहल्ला, शेखपुरा मोहल्ला तक नगर भ्रमण कराया जाता है, उसके बाद मंदिर परिसर में रात्रि में भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह किया जाता है।

## महाशिवरात्रि पर शिव की भक्ति में दिन भर लीन रहें भक्तगण, गूंजे हर-हर महादेव

प्रात: किरण संवाददाता



गया। महाशिवरात्रि व्रत पर्व को लेकर शुक्रवार को भगवान विष्णु की नगरी गया जी में हर हर महादेव की गूंज सुनाई दी। शिव भक्तो ने स्नान ध्यान कर शिव मंदिरों में पूजा अर्चना से लेकर भोग आरती भंग की तरंग व विविध धार्मिक-सांस्कृतिक अनुष्ठानो संग लोकाचारों व परंपराओं की छटा बिखेरी। शहर के मारकंडेय महादेव, रामशिला स्थित पातालेश्वर महादेव, स्फटिक शिवलिंग, ब्रह्म कल्पित पिता महेश्वर शिवलिंग, ब्राह्मणी घाट स्थित फलकेश्वर महादेव, वृद्ध पिता महेश्वर महादेव, झारखंडेश्वर महादेव, मंगला गौरी मंदिर स्थित रुद्र एकादश महादेव, टिकारी रोड स्थित पंचमुखी महादेव, विष्णुपद मंदिर स्थित बड़े महादेव सहित शहर के अन्य शिवालियों में बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई है। शिव भक्तों ने फूल माला, गंगाजल, भांग, धतूरा, सुगंधित द्रव्य,गुलाल,फूलेल फल- मिष्ठान आदि से बाबा भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर वरदान मांगा है। मंगला गौरी मंदिर स्थित हजारिया महादेव मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन प्रस्तुत कर बाबा भोलेनाथ का गुणगान किया है। राष्ट्रीय महिला परिषद की वीणा गिरी ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आराधना में लीन रही। रामशिला पहाड़ी पर शुक्रवार को लगभग एक लाख शिव भक्तों ने बाबा पातालेश्वर पर जलार्पण किया। महिला दिवस और महाशिवरात्रि एक साथ होने के कारण शिव की भक्ति में दिन भर नारी शक्ति लीन रही है। वहीं देर शाम शहर के कई इलाकों से शिव बारात निकाली गई।शिव बारात में बाराती हर हर महादेव,जय श्री राम, बाबा भोलेनाथ की जय के नारे लगाते रहे हैं। देर रात तक मां गौरा संग बाबा भोलेनाथ का परंपरानुसार विवाह रचाया गया है।जगह-जगह शिव बारात में बारातियों का स्वागत किया गया। भगवान शिव की बारात भव्य, दिव्य और अनोखी निकली है। जिसमें देवी- देवता,साधु, संत,गंधर्व,किन्नर, भूत, पिशाच, राक्षस,सर्प, बिच्छू आदि शामिल हुए हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर चारों तरफ उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया।

## केन्द्रीय कारा में महिलायों को सिलाई प्रशिक्षण के लिए रोटरी गया सिटी ने दिया सिलाई मशीन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। महिला दिवस पर रोटरी गया सिटी की ओर से सैनेटरी पैड के साथ इनलोगों को सिलाई प्रशिक्षण के लिए दो सिलाई मशीन भी दिया गया। इस दौरान बादशाह डालमिया ने महिला बंदियों से कहा कि आपलोग कपड़े का थैला बनाये उसे हम खरीदेगें। इससे आपसभी को आर्थिक लाभ भी होगा। वहीं रितु डालमिया ने प्रशिक्षण प्राप्त कर जीवन संवारने की बात कही। उषा दुबे ने भी कहा कि अगर आवश्यकता पड़ी तो वह महिला बंदियों को ब्युटिशियन कोर्स करायेगी। सभी महिला बंदियों को दिया गया वस्त्र अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला बंदियों को साड़ी भी क्लब की ओर से दिया गया है। इस मौके पर रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष विजय भलोटिया ने कहा कि भविष्य में कारा के बंदियों के लिए जो भी सहायता की जरूरत पड़ेगा उसे वह करने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम की शुरूआत कारा उपाधीक्षक सतीश कुमार सिंह, सहायक कारा अधीक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, डा. रतन कुमार, डा. अमिता सिन्हा कांतेश कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिंह, राजकुमार दुबे, अमरेश कुमार व क्लब की महिलायों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कारा उपाधीक्षक ने क्लब के सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

# सांसद ने देवकुंड महोत्सव आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया

● देवकुंड को पर्यटक क्षेत्र घोषित कराने का दिया गया जोर

प्रात: किरण ब्यूरो



अरवल। औरंगाबाद जिले एवं अरवल बॉर्डर पर स्थित देवकुंड में शुक्रवार को देवकुंड महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार दिनकर के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के बरात निकलती है इसी दिन एक दिवसीय देवकुंड महोत्सव का अयोजन किया गया जिसका उद्घाटन काराकाट सांसद महाबली सिंह स्थानीय विधायक भीम कुमार सिंह , पूर्व विधायक रणविजय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर इस मौके पर एडीएम जयप्रकाश कुमार एसडीओ मनोज कुमार सी ओ सोनम राज वीडीओ राजेश कुमार दिनकर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज के साथ अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद महाबली सिंह ने कहा कि जो राष्ट्र विकसित है जहां पर्यटक का बोल बाला होता है। देव का महोत्सव नवादा और गया जैसे तीर्थस्थल जैसा देवकुंड भी एक पवित्र स्थल है । यदि आगे मुझे मौका मिला तो च्यवन ऋषि धाम देवकुंड को पर्यटक क्षेत्र घोषित कराने का भरपूर प्रयास करूंगा ।वही स्थानीय विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगो को काफी दिनों से महोत्सव के लिए मांग था । मैने अपने भरपूर प्रयास से देवकुंड को सरकारी महोत्सव में दर्जा दिलाने का काम किया। तथा उक्त पवित्र धाम को देखते हुए दुलार बिगहा गांव से मेला तक बाईपास सड़क जोड़ने का सांसद से सहयोग करने की बात कही । जिससे देव , गजना , जैसे महोत्सव बनाने का काम करेंगे। पूर्व विधायक रणविजय सिंह ने कहा कि देवकुंड को वर्ष 2014 में जब मैं विधायक था तो विधान सभा के पटल पर उक्त जगह को पर्यटक स्थल घोषित करने के लिए मांग किया था ,लेकिन फाइल सिमट कर रह गया है ।कोई भी जन प्रतिनिधि को मौका मिले तो इस कार्य को करने का प्रयास करे। उक्त नगरी ऐसा पवित्र स्थल है की जहां मठ के अग्निकुंड है जिसमे आग कभी नही बुझती। क्षेत्र के विकाश के लिए देवकुंड और अमझार शरीफ दोनो जगहों को पर्यटक स्थल का दर्जा होना आवश्यक है। वही भाजपा प्रवक्ता अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि उक्त महोत्सव को पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने फाइल बढ़ाया था। जो आज सरकारी महोत्सव का रूप में परिवर्तित हुआ है। राजकीय सम्मान के साथ इस वर्ष देवकुंड महोत्सव का आयोजन का शुरूआत किया गया है। ये आयोजन एक अनोखा और जीवंत अनुभव प्रदान करते हैं। इनके उद्देश्यों एवं इतिहास की प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। महोत्सव के आयोजन से लोगों के अंदर संस्कार का विकास होता है और सभ्य समाज का निर्माण होता है। जिसका अनुकरण पिछले पीढ़ी करते है। महोत्सव के माध्यम से हम अपने प्राचीन संस्कृति को याद करते हैं और संस्कारों को जीतें हैं। मौके पर सांसद ने बाजार में बाईपास निर्माण एवं देवकुंड बाजार में प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम जैसी क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। समस्या को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की । देवकुंड महोत्सव की राशि मिलने पर क्षेत्रीय लोगो और जनप्रतिनिधियों में काफी हर्ष और उत्साह था मंच पर उपस्थित जिला परिषद सदस्या रेखा सिंह, जिला परिषद सदस्या, विंदा देवी, विधायक प्रतिनिधि रंजित कुमार, जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार चौबे, प्रखंड प्रमुख खुशबू कुमारी मंचासिन रही , समाजसेवियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि औरंगाबाद जिले में देवकुंड महोत्सव और पहले से होने के लिए तैयारी चल रही थी लेकिन कुछ व्यवधान के चलते संयोग वश नही हो पाया ।

## अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केक काटकर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल्याणमयी अध्यक्ष परमिता शाह सचिन जूही साहनी कोषाध्यक्ष जीवन अविनाश टोपनो एवं कल्याणमयी सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर महिला दिवस काफी हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया है ।इस अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण गया हवाई अड्डे गया के विमान पतन निर्देशक मनजीत शाह भी उपस्थित रहे हैं ।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गया हवाई अड्डे पर आना रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ-साथ कस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है ।इस अवसर पर परमिता शाह द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के चिन्हित विषय को ध्यान में रखते हुए महिला सशक्तिकरण की बात कही गई और बताया गया कि आज हमारे देश में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिला आगे जाकर देश को प्रगति में अपना योगदान दे रही हैं इसके साथ ही एक विकसित देश का सपना साकार करने के लिए आज हमें और भी प्रतिबद्ध होने की जरूरत है इस दौरान सभी उपस्थित कल्याण में ही सदस्यों ने अपने-अपने बातें रखी है।

## 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय औरंगाबाद, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाई गई, महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा रैली निकाली गई। भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा कुटुंब मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता एवं भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किये। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारी आश्रम में बड़े धूमधाम से किया गया। दीप प्रज्वलित नगर थाना अध्यक्ष एवं सर्किल इंस्पेक्टर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। थानाध्यक्ष ने कहा संस्था का लक्ष्य बहुत ही सकारात्मक है एवं तनाव मुक्ति जीवन बनाने में कार्यरत है। जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय एवं महासचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता राधेश्याम ने ब्रह्मा कुमारिज की सराहना की कहां औरंगाबाद में परमात्मा का दिव्य कार्य कर रही है।

## शहर तेलपा मे शिवभक्तों ने निकाली शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



करपी, अरवल । पुरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व बडे ही धुमधाम से मनाया गया! शोभायात्रा शहर तेलपा बाजार ,मठिया ,परसन बिगहा आदि जगहों से घुमते हुए शिवमन्दिर पहूंचा !इस शोभायात्रा की अध्यक्षता मनोज कुमार ने किया !इस मौके पर लोजपा रामविलास के नेता राजीव रंजन कुमार, समाजसेवी गोबिंद कुमार,विपुल कुमार,प्रिंस कुमार, उतम कुमार सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए! महाशिवरात्री के अवसर पर शहर तेलपा थाना की तत्परता जगह जगह देखी गयी !

# वुमन डे पर सचिन तेंदुलकर ने शेयर की खूबसूरत कहानी, अपनी फैन को याद किया



**मुंबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल वुमन डे पर भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत कहानी पोस्ट की है। यह कहानी है जैसिंथा कल्याण की जिन्हें भारत में पहली महिला पिच क्यूरेटर होने का मान हासिल हुआ है। सचिन ने इस दौरान साल 2008 की वह फोटो भी शेयर की है जब इंगलैंड के खिलाफ शतक लगाने पर महिला ग्राऊंड स्टाफ उनसे हाथ मिलाने आ गई थी। सचिन ने अपनी पोस्ट में महिला सशिक्तकरण की मजबूती की सराहना की है।

सचिन ने एक्स पर पोस्ट डालकर लिखा- पिछ्ले कुछ वर्षों में भारत और दुनिया भर में खेल में महिलाओं की वृद्धि बहुत उत्साहजनक रही है।

साल 2008 में, 26/11 के बाद, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीता और यह पूरे देश के लिए एक भावनात्मक क्षण था। यह उन पहले लोगों में से एक थी जिनके साथ मैं इस भावना को साझा करने में सक्षम रहा। यह एक महिला ग्राउंड स्टाफ सदस्य थी। वो पल बेहद खास था।

वर्षों बाद 2024 में जैसिंथा कल्याण भारत की पहली महिला पिच क्यूरेटर बनीं। उम्मीद है कि भविष्य में और भी आने वाली हैं, उनमें से वह पहली हैं। इस #अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, आइए हम इन रोल मॉडलों को प्रोत्साहित करें और उनकी सराहना करें जो सभी क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़े और उदाहरण स्थापित करना जारी रखें।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# रोहित -गिल का डबल धमाका

## दोनों ने शतक जड़ बजाई इंग्लैंड की बैंड

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तूफानी बल्लेबाजी कर मेहमानों की बखिया उधेड़ दी है। रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस दौरान टेस्ट करियर का 12वां तो शुभमन गिल ने चौथा शतक जड़ा। यह इन दोनों ही खिलाड़ियों का इस सीरीज का दूसरा शतक है। लंच ब्रेक तक भारत ने इंग्लैंड के 218 रनों के सामने पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया के पास 46 रनों की बढ़त है। गिल 101 तो रोहित 102 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत 1 विकेट के नुकसान पर 135 रनों से की थी। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने दूसरे दिन के पहले सेशन में बिना विकेट खोए 129 रन जोड़े और मेहमानों को बैकफुट पर धकेला। दोनों ही खिलाड़ियों ने इस दौरान इंग्लैंड को आउट करने का एक भी मौका नहीं दिया। अगर इसी तरह अगले सेशन में भी दोनों बल्लेबाजी करते हैं तो भारत आज 400 से अधिक रन बोर्ड पर लगा देगा।

### रोहित शर्मा ने की सचिन तेंदुलकर की बराबरी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का यह इंटरनेशनल क्रिकेट में 48वां शतक है, मगर इनमें से 35 शतक उन्होंने 30 की उम्र के बाद लगाए हैं। उन्होंने भारत के लिए 30 की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। दोनों ही खिलाड़ियों के नाम इस दौरान 35-35 शतक दर्ज हैं।



### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयः-

9- रोहित शर्मा
4-विराट कोहली
4 - मयंक अग्रवाल
3- अजिंक्य रहाणे
3- केएल राहुल
3-ऋषभ पंत
3-शुभमन गिल
3- यशस्वी जयसवाल
3-रविंद्र जड़ेजा

### रोहित शर्मा ने की राहुल द्रविड़ की बराबरी

रोहित शर्मा इस टेस्ट शतक के साथ भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है। दोनों के नाम भारत के लिए 48-48 शतक दर्ज है। इस सूची में विराट कोहली 80 शतकों के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ पहले पायदान पर हैं।

## इंग्लैंड पर कसा शिकंजा, भारत 473/8, 255 की बढ़त



### एशियाई खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक शतक

50 - सचिन तेंदुलकर
41-विराट कोहली
27 - महेला जयवर्धने
25 - रोहित शर्मा
21- कुमार संगकारा
19 - राहुल द्रविड़
19 - वीरेंद्र सहवाग

रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट में जड़ा शतक तो कभी नहीं हारा भारत

रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का यह 12वां शतक है। रोहित शर्मा के शतक के साथ यह बात तो सुनिश्चित हो गई है कि भारत यह मैच नहीं हारेगा। दरअसल, रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा है तब-तब भारत को हार का मुंह नहीं देखने को मिला है। धर्मशाला टेस्ट में भी यही उम्मीद रहेगी।

इंडियन वेल्स

# वापसी के साथ पहला मैच हारी वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** पिछले 6 महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6.2, 3.6, 0.6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में



अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीनस अब शीर्ष 450 में भी नहीं है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में 3 बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6.3, 6.1 से हराया।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर

# नूर-अली-जादरान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के क्रिकेटर नूर अली जादरान ने गुरुवार, 7 मार्च को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। जादरान ने आखिरी मैच आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र (वनऑफ) टेस्ट खेला था,



जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान के लिए अपने भतीजे इब्राहिम अली जादरान के साथ ओपनिंग की थी।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एबीसी) ने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर ट्वीट के जरिए नूर अली जादरान के संन्यास की पुष्टि की, जिसमें कहा गया कि अनुभवी क्रिकेटर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।

ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट, पहला दिन

# कीवी टीम 162 रन पर सिमटी

- जोश हेजलवुड ने 12वीं बार 5 विकेट लिए

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में दो टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन बना कर सिमट गया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 4 विकेट पर 124 रन बना कर 38 रन की लीड बना चुकी हैं।

मार्नस लाबुशेन 45 रन और नाथन लायन 1 रन बना कर नाबाद हैं। वे दूसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज जोश हेजलवुजड ने 5 विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क को तीन सफलताएं मिली।

न्यूजीलैंड की खराब बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी खराब रही। टीम के लिए टॉम लैथम और विल यंग ने ओपनिंग



की। लैथम 38 रन और विल यंग 14 रन बना कर आउट हो गए। लैथम के आउट होते ही, पारी बिखर गई। केन विलियमसन 17 रन, रचिन रवींद्र 4 रन और डेरिल मिचेल 4 रन बना कर आउट हो गए।

टीम के 84 रन पर 5 विकेट हो गए। विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल ने 22 रन बनाए। वे कैमरन ग्रीन की बॉल पर आउट हो गए और ग्लेन फिलिप्स पहली बॉल पर आउट हो गए। आखिर में मैट हेनरी और कप्तान टिम साउदी ने कुछ रन जोड़े और साथ पारी की सबसे बड़ी 55 रन की साझेदारी की। साउदी 26 रन और हेनरी 29 रन बना कर पवेलियन लौटे। बेन सियर्स 0 रन बना कर नॉटआउट रहे।

**हेजलवुड को 5 विकेट-** ऑस्ट्रेलिया के पेसर जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। उन्होंने शुरुआत में ही लैथम, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल और केन विलियमसन को चलता कर दिया, फिर आखिर में मैट हेनरी के विकेट के साथ 5 विकेट पूरे किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। पैट कमिंस और कैमरन ग्रीन को 1-1 सफलता मिली।

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ज्यादा रन नहीं बना सके। ओपनिंग करने आए स्टीव स्मिथ 11 रन और मैट हेनरी 16 रन बना कर आउट हुए।

# मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद ने लॉन्च की आईपीएल 2024 के लिए जर्सी

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) सीज़न के लिए मुंबई इंडियंस और सनराजइर्स हैदराबाद ने अपनी जर्सियां लॉन्च कर दी हैं। डिजाइनर मोनिशा जयसिंग द्वारा तैयार की गई मुंबई इडियंस की जर्सी मुंबई के उत्साही प्रशंसक आधार, पलटन, मुंबई इंडियंस के गौरव और शहर की जीवंत भावना की प्रतीक है। टीशर्ट नीले रंग की है जोकि अटूट प्रतिबद्धता और



वफादारी का प्रमाण देती है। डिजाइनर ने कहा कि जैसा कि हमारे खिलाड़ी प्रतिष्ठित नीले और सुनहरे रंग की जर्सी पहनते हैं, वे अपने साथ हमारे एमआई पलटन की आशाओं और सपनों को लेकर चलते हैं, जो कि ऊर्जावान हैं।

मुंबई इंडियंस ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि जर्सी सम्मान का प्रतीक है, इसे पहनने वाले सभी लोगों के लिए गर्व का प्रतीक है, क्योंकि उन्हें टीम की शानदार विरासत का एक टुकड़ा अपने साथ ले जाने के साथ-साथ टीम के प्रति अपना प्यार व्यक्त करने का मौका मिलता है।

इसी तरह सनराइजर्स हैदराबाद ने भी अपनी नई जर्सी का अनावरण करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। जर्सी में सामान्य नारंगी टोन के साथ काले पैटर्न को शामिल किया है। यह नई जर्सी एसए 20 लीग की बेहद सफल सनराइजर्स ईस्टर्न केप जर्सी के समान दिखती है। एडेन मार्कराम की कप्तानी वाली टीम ने 2023 और 2024 दोनों में #20 लीग जीती थी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने सोशल मीडिया पर जर्सी की घोषणा की, जिसमें शीर्ष गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने नई शैली का मॉडल तैयार किया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया- हैदराबाद की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए तैयार। #आईपीएल2024 के लिए हमारा नया ज्वलंत कवच, #प्लेविथफायर। जर्सी अनावरण पोस्ट ने पहले ही टीम के समर्पित प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जो अपनी टीम को शानदार नए रंगों में मैदान पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

# वो सचिन की तरह लगता है- शुभमन गिल का शॉट देख बोले अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने शतक लगाकर टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड पहले खेलते हुए 218 रन पर ही सिमट गई थी। इसके बाद शुभमन गिल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर टीम का स्कोर 3279 तक पहुंचाया। यह शुभमन गिल के करियर का चौथा शतक रहा। शुभमन को इस पारी के लिए सोशल मीडिया पर भी सराहना मिली। इस दौरान अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ ने तो उनकी तुलना सीधी सचिन तेंदुलकर से कर दी। रिचर्ड ने शुभमन के शतक बनाने की वीडियो शेयर करते हुए लिखा-



**भारतीय दर्शकों पर भारी रहे हैं रिचर्ड केटलब्रॉ -** आईसीसी आयोजनों में बतौर अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने कई मुकाबले खेले हैं। वह भारत के ऐसे कई नॉकआऊट मुकाबलों में अंपायर रहे जहां भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी थी। इसमें 2014 टी20 विश्व कप का फाइनल भी शामिल था, जिसमें भारत श्रीलंका से हार गया था। इसके अलावा 2015 वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल जिसमें ऑस्ट्रेलिया जीता था।

# विराट से अपनी बॉन्डिंग पर बोले डु प्लेसिस- हमारे बीच खेल को लेकर बहुत समानताएं हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा है कि फिटनेस और खेल के प्रति सोच के कारण विराट कोहली के साथ उनकी काफी समानताएं मिलती हैं। आरसीबी के कप्तान ने कहा कि कुछ चीजें हैं जो विराट और मुझमें बहुत समान हैं, जिस तरह से हम खेल को देखते हैं या खेल के बारे में सोचते हैं, उसमें भी बहुत समानता है। हम खुद को कैसे देखते हैं और हम कैसा बनना चाहते हैं, इसमें भी बहुत समानता हैं। जाहिर तौर पर हम कड़ी मेहनत करने, फिट रहने और अच्छा खाने पर ध्यान देते हैं। हम एक पेशेवर खिलाड़ी होने के लिए एकजैसा दृष्टिकोण देखते हैं और मुझे लगता है कि यही कारण है कि हम आरसीबी में अपने पहले सीजन में इतने अच्छे से जुड़ गए थे।

डु प्लेसिस ने कोहली की फिटनेस की सराहना करते हुए उन्हें युवा पीढ़ी के लिए उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि वह अद्भुत है, वह कड़ी ट्रेनिंग करता है, वह बहुत फिट है और मुझे लगता है कि आज के खेल के युग में अगर आपको लंबा खेलना है तो आपको ऐसा बनना होगा। वे प्रतिभा के मामले में



काफी अच्छे हैं लेकिन आपके शरीर के मामले में और भी अच्छे हैं।

इस बीच आरसीबी और टीम इंडिया के पूर्व गेंदबाज वरुण आरोन ने क्रिकेट के प्रति उनकी भूख की तारीफ करते हुए कोहली की शीर्ष फॉर्म में वापसी की कामना की। 2016 के आईपीएल सीजन में कोहली के सनसनीखेज प्रदर्शन पर एरोन ने कहा कि उन्होंने दुनिया भर के प्रशंसकों की आशाओं को दोहराया था। आगामी टूर्नामेंट में भी उनसे ऐसी ही पारियां देखने की उम्मीद होगी।

एरोन ने कहा कि वह लंबे ब्रेक के बाद वापस आ रहे हैं और जिस तरह से वह है, वह हमेशा क्रिकेट के लिए भूखे रहते हैं। वह निश्चित तौर पर क्रिकेट को मिस कर रहे होंगे। निश्चित रूप से वह दोगुनी भूख के साथ वापस आएंगे। मुझे उम्मीद है कि वह आईपीएल में उस तरह की फॉर्म (2016) में वापसी करेंगे। आईपीएल एक लंबा सीजन है और उस फॉर्म को जारी रखना अलौकिक होना है।



# हैरी टेक्टर का शतक बेकार, अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 35 रनों से हराया

**शारजाह (एजेंसी)।** रहमनुल्लाह गुरबाज की 121 रनों की शतकीय पारी और उसके बाद फजलहक फारूकी के 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 35 रनों से हरा दिया। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह की 121 रनों की शतकीय पारी, इसके बाद इब्राहिम जदरान 60 रन, कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 5 विकेट पर 310 का स्कोर खड़ा किया था। मोहम्मद नबी ने 40 रन और अजमतउल्लाह उमरजई ने 19 बनाए थे।

आयरलैंड की ओर से थियो वान वोकरम ने 3 विकेट लिए। क्रेग यंग और ग्राहम ह्यूम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में 311 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 275 रन ही बना सकी और मैच 35 रनों से हार गई। आयरलैंड के लिए लोकर्न टुके ने 85 रन बनाए।

हैरी टेक्टर ने 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 138 रनों की शतकीय पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आयरलैंड का और कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सका। रहमानुल्लाह गुरबाज मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारुखी ने 4 विकेट लिए। अज़मतुल्लाह उमरजई को 2 विकेट मिले। गुलाबदीन नायब और नूर अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

